



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 43 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 13 नवंबर 2025 डाक 14 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

पीएम मोदी नई दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद एलएनजेपी अस्पताल में इलाज करा रहे एक घायल व्यक्ति से मिलते हुए....



**देश-विदेश**

चारा घोटाला: मामले में 107वें गवाह जांचकर्ता की हुई गवाही, कोर्ट में आज फिर सुनवाई



**फीचर पेज**

कपड़ों को बैक्टीरिया मुक्त रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके




## एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन से एमएसएमई को मिलेगा बढ़ावा देश की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी: पीएम मोदी

**नईदिल्ली 13 नवंबर [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा मिलेगा और इससे देश की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी बढ़ाने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, केंद्रीय कैबिनेट ने एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) को एप्रुव किया है, जो देश की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाएगा और एमएसएमई, फर्स्ट-टाइम एक्सपोर्ट्स और अधिक लेबर उपयोग वाले सेक्टर्स को मदद करेगा। यह प्रमुख पक्षकारों को एक साथ लाकर एक ऐसा सिस्टम तैयार करता है जो परिणाम आधारित और प्रभावी हो। उन्होंने पोस्ट में कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि 'मेड इन इंडिया' की गूंज विश्व बाजार में और भी अधिक सुनाई दे। यह मिशन एक्सपोर्ट प्रमोशन के लिए कॉम्प्रिहेंसिव, फ्लेक्सिबल और डिजिटल संचालित फ्रेमवर्क उपलब्ध कराएगा। यह योजना पांच वर्ष के लिए वित्त वर्ष 2025-26 से लेकर वित्त वर्ष 2030-31 है और इसका परिव्यय 25,060 करोड़ रुपए था। निर्यातकों के लिए लाई गई क्रेडिट गारंटी स्कीम पर पीएम मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि निर्यातकों के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम, जिसे कैबिनेट द्वारा एप्रूव किया गया है, वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगी, सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित करेगी और आत्मनिर्भर भारत के हमारे सपने को साकार करने में मदद करेगी।

क्रेडिट गारंटी स्कीम को मंजूरी मिलने से नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य क्रेडिट संस्थानों (एमएलआई) को 100 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी कवरेज प्रदान किया जा सकेगा, जिससे पात्र निर्यातकों, जिनमें एमएसएमई भी शामिल हैं, को 20,000 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त ऋण सुविधाएं प्रदान की जा सकेगी। पीएम मोदी ने कहा कि कैबिनेट के इन फैसलों से स्थिरता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इससे आपूर्ति श्रृंखलाएं मजबूत होंगी और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

## दिल्ली विस्फोट मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने की 13 ठिकानों पर छापेमारी



**श्रीनगर, 13 नवंबर [एजेंसी]।**

दिल्ली विस्फोट के बाद कई राज्यों में अलर्ट है और सघन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस विंग कश्मीर (सीआईके) ने गुरुवार को घाटी में 13 ठिकानों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली विस्फोट के बाद कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) संगठन के खिलाफ एक साथ छापेमारी की जा रही है। दिल्ली विस्फोट में एक स्थानीय डॉक्टर मोहम्मद उमर शामिल था। वह पुलवामा जिले का रहने वाला था। इस बीच, उसकी मां का डीएनए डॉ. मोहम्मद उमर से मेल खा गया है, जिससे उसकी पहचान की पुष्टि हो गई है। हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा फरीदाबाद में एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के बाद से वह फरार था। डॉ. मोहम्मद उमर अपने आतंकी साथियों- कुलगाम जिले के डॉ. आदिल और पुलवामा जिले के उसके पैतृक गांव कोइल के डॉ. मुजम्मिल गनई की गिरफ्तारी के बाद बच निकला। लखनऊ की एक महिला डॉ. शाहीन शाहिद फरीदाबाद के अल-फलाह मेडिकल कॉलेज में डॉ. मोहम्मद उमर और अन्य के साथ कार्यरत है। उसे उसकी कार से एक असॉल्ट राइफल बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। लखनऊ पुलिस ने उनके भाई को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। डॉ. आदिल को सीसीटीवी फुटेज में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर लगाते हुए दिखाए जाने के बाद पकड़ा गया।

अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में आदिल के लॉकर से एक एके-47 राइफल बरामद की गई, जहां उन्होंने अक्टूबर 2024 में अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके खुलासे के बाद अल फलाह मेडिकल कॉलेज में कार्यरत डॉ. मुजम्मिल गनई को भी गिरफ्तार किया गया। फरीदाबाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मुजम्मिल से 2,900 किलोग्राम से अधिक अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली आतंकी विस्फोट की जांच एनआईए को सौंप दी है।

## थाना प्रभारी को सूदखोर तोमर के समर्थक ने धमकी दी



**रायपुर।** सूदखोर वीरेंद्र तोमर की पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि फरारी के दौरान उसे करणी सेना से मदद मिली थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वीरेंद्र तोमर पिछले 5 महीने में चार राज्यों में छिपा रहा। बताया गया है कि उसने अंडा बेचने से अपना सफर शुरू किया था और सूदखोरी के जरिए करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया। जानकारी के मुताबिक, फरारी के दौरान तोमर ग्वालियर में करणी सेना से जुड़े एक नेता के फ्लैट में रह रहा था। इस दौरान उसने कई मोबाइल नंबरों के ज़रिए अपने परिवार से संपर्क किया। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है। इस बीच, पुलिस की टीम अब उसके भाई रोहित की तलाश में सक्रिय हो गई है। साथ ही, फरारी के दौरान मदद करने वालों पर भी जांच जारी है।

## पैदल चल रहे लोगों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत और 18 घायल



**नई दिल्ली 13 नवंबर।** दक्षिणी कोरिया के बुचियोन शहर में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पर गुरुवार को एक ट्रक ने सड़क पर पैदल चल रहे यात्रियों को रौंद दिया। इस घटना में दो लोगों की जान गई है। पुलिस के अनुसार, हादसे में 18 लोग घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने इस घटना को लेकर जानकारी दी है। बुचियोन शहर के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि एक 60 साल के अज्ञात ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इसमें कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## युद्ध की गीदड़भभकी, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने भारत का लिया नाम

**इस्लामाबाद, 13 नवंबर [एजेंसी]।**



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर उकसाने वाला बयान देते हुए कहा है कि पाकिस्तान दो मोर्चों पर जंग के लिए तैयार है। आसिफ ने कहा, हम पूर्वी (भारत) और पश्चिमी (अफगानिस्तान) दोनों सीमाओं पर मुकाबले के लिए तैयार हैं। अल्लाह ने हमें पहले राउंड में मदद की थी और वह दूसरे राउंड में भी करेगा। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान पूर्वी यानी भारत और पश्चिमी यानी अफगानिस्तान दोनों सीमाओं पर लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, हम दोनों मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयार हैं। अल्लाह ने पहले राउंड में हमारी मदद की थी और वह दूसरे राउंड में भी करेगा। ख्वाजा आसिफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान खुद राजनीतिक और आर्थिक संकट से जूझ रहा है, लेकिन उसकी सेना और नेता बार-बार युद्ध की धमकियों से क्षेत्र में तनाव बढ़ा रहे हैं।

इससे पहले ख्वाजा आसिफ ने दिल्ली ब्लास्ट की घटना को लेकर कहा था कि यह तो बस गैस सिलेंडर विस्फोट था। उन्होंने भारत पर आरोप लगाया कि वह इस घटना का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। आसिफ ने कहा, कल तक यह गैस सिलेंडर फटने की घटना थी, लेकिन अब वे इसे विदेशी साजिश बताने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे हैरानी नहीं होगी अगर अगले कुछ घंटों या कल तक भारत इस हमले का आरोप हम पर लगा दे। अगर हम पर कोई आक्रामकता की गई तो हम खामोश नहीं बैठेंगे।

## दिल्ली धमाके को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट्स पर असम में कार्रवाई

### सीएम सरमा बोले- 15 गिरफ्तार, नाम भी बताए



**नईदिल्ली 13 नवंबर [एजेंसी]।**

दिल्ली में हुए धमाके के बाद सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट्स डालने के आरोप में असम में अब तक कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को नौ और लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले बुधवार को छह लोगों की गिरफ्तारी की खबर सामने आई थी। सीएम सरमा ने बताया कि नई गिरफ्तारियां बुधवार रात के बाद की गईं। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷दिल्ली धमाके के बाद आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के सिलसिले में अब तक असम भर में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को की गई छह गिरफ्तारियों के अलावा रातभर में रफीजुल अली (बोंगाईगांव), फरीद उद्दीन लश्कर (हैलाकांडी), इनामुल इस्लाम (लखीमपुर), फिरुज अहमद उर्फ पापोन (लखीमपुर), शाहिल शोमन सिकदर उर्फ शाहिदुल इस्लाम (बारपेटा), रकीबुल सुल्तान (बारपेटा), नसीम अकबर (होसाई), तसलीम अहमद (कामरूप) और अब्दुर रहीम मोल्ला उर्फ बैप्पी हुसैन (दक्षिण सालमारा) को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम पुलिस हिंसा का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ बिलकुल भी नरमी नहीं बरतेगी।

इससे पहले उन्होंने बुधवार को कहा था कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया है कि जो लोग सोशल मीडिया पर धमाके का स्वागत कर रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के अलग-अलग जिलों से 35 लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा, हम उनके संबंधों की जांच करेंगे और अगर किसी का बांग्लादेश या किसी अन्य देश से संबंध पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सरमा ने स्पष्ट किया कि नाबालिगों या ऐसे लोगों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, जिन्हें यह पता नहीं था कि उनके उपकरणों का इस्तेमाल इस तरह की पोस्ट के लिए किया गया। हालांकि, जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कई लोग अब अपनी पोस्ट हटा रहे हैं, लेकिन हमने उनके स्क्रीनशॉट सुरक्षित कर लिए हैं और इस मामले में सख्त कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यही लोग पहले जुबीन क्षेत्र में सरकार विरोधी प्रदर्शन कर रहे थे और अब सोशल मीडिया पर दिल्ली धमाके का स्वागत कर रहे हैं।

## सीबीआई कोर्ट ने रिश्वतखोरी मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर को सजा सुनाई

**लखनऊ, 13 नवंबर [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित सीबीआई कोर्ट ने रिश्वतखोरी के एक मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर को दोषी ठहराते हुए सजा का ऐलान किया है। कोर्ट ने गुरुवार को दोषी ब्रांच मैनेजर को 50 हजार रुपए के जुर्माने के साथ 5 साल की कैद की सजा सुनाई। दोषी राम स्वरूप मिश्रा अंबेडकर नगर के बसखारी शाखा में बैंक ऑफ बड़ौदा में ब्रांच मैनेजर थे। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 7 मार्च 2017 को शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था। आरोप लगाया गया कि शिकायतकर्ता को बैंक ऑफ बड़ौदा की बसखारी शाखा से कामधेनु योजना के तहत 20.25 लाख रुपए का लोन स्वीकृत किया गया था। लोन की एक आंशिक राशि शिकायतकर्ता के खाते में जमा कर दी गई थी। हालांकि, बाद में खाते पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद जब शिकायतकर्ता ने खाते पर रोक का कारण जानने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच में मैनेजर राम स्वरूप मिश्रा से संपर्क किया, तो ब्रांच मैनेजर ने 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। बातचीत के बाद, ब्रांच मैनेजर ने हस्ताक्षरित खाली चेक के माध्यम से शिकायतकर्ता से 25 हजार रुपए की रिश्वत लेने पर सहमति व्यक्त की।

इस बारे में सीबीआई को जानकारी दी गई थी। एजेंसी ने अपनी कार्रवाई करते हुए ब्रांच मैनेजर को चेक लेते समय रंगे हाथों पकड़ लिया और उससे चेक बरामद किया। जांच के बाद 31 मार्च 2017 को सीबीआई की तरफ से चार्जशीट दाखिल की गई। सुनवाई के बाद गुरुवार को सीबीआई कोर्ट ने गुरुवार को अभियुक्त को दोषी ठहराया और सजा सुनाई।

## जंगल से निकलकर रोड पर पहुंचे 25 हाथी, कई गांवों में अलर्ट



**रायगढ़ 13 नवंबर।** जिले में पिछले दो दिनों से घरघोड़ा-रायगढ़ रोड पर हाथियों का झूंड आ रहा है। हाथी जंगल से निकलकर रोड पर काफी देर तक चहलकदमी करते हैं। इसके कुछ देर बाद वापस जंगल की ओर चले जा रहे हैं। इसमें नर-मादा के साथ शावक भी हैं। 12 नवंबर की शाम हर दिन की तरह इस रोड पर लोगों का आना-जाना लगा हुआ था। ट्रक-डंपर के साथ बाइक सवार भी इस रोड से गुजर रहे थे, लेकिन तकरीबन साढ़े चार बजे 25 हाथियों का झुंड सामारूमा के जंगल से निकलकर रोड पर आ गया। जिसके बाद दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। हाथियों के दल की जानकारी वन अमले को लगी, तो मौके पर वनकर्मी और काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच गए।

इसके बाद दोनों ओर से वाहनों को रोक दिया गया। हाथी का झुंड काफी देर तक घरघोड़ा-रायगढ़ मेन रोड पर खड़ा रहा। कुछ हाथी सड़क नीचे तो कुछ ऊपर थे। इस दौरान लोगों न उनका वीडियो भी बनाया। इसके बाद वे वापस जंगल की ओर चले गए। बताया जा रहा है कि 11 नवंबर की शाम को भी यही हाथी का दल सड़क पर काफी देर तक खड़ा रहा।

## ईडी ने जेपी ग्रुप के एमडी को मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया

**नईदिल्ली 13 नवंबर [एजेंसी]।**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के एमडी मनोज गौड़ को मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, जेपी ग्रुप एमडी मनोज गौड़ के खिलाफ जांच घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले से संबंधित है। इसी कड़ी में गुरुवार को कार्रवाई करते हुए ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मनोज गौड़ को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने मई में जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड और उनकी संबद्ध संस्थाओं से जुड़े 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी और 1.7 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की थी।

छापेमारी के दौरान, प्रमोटरों, उनके परिवार के सदस्यों और समूह की कंपनियों के नाम पर संपत्ति के दस्तावेजों के साथ-साथ वित्तीय दस्तावेज और डिजिटल डेटा भी जब्त किए गए। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत चल रही जांच के तहत दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई में कई जगहों पर छापेमारी की थी। जेपी इन्फ्राटेक के प्रवर्तकों के खिलाफ 2017 में भी एफआईआर दर्ज हुई थी।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## 6 दिसंबर को थी बड़े हमले की तैयारी बाबरी मस्जिद विध्वंस से निकला कनेक्शन

**नईदिल्ली 13 नवंबर [एजेंसी]।**



सरकार ने लाल किले के पास हुए कार विस्फोट को आतंकवादी घटना बताया। जांच के दौरान यह सामने आया कि विस्फोटकों से लदी कार चला रहे डॉ. उमर नबी ने 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी के मौके पर यहां हमला करने की योजना बनाई थी। दरअसल, सोमवार शाम हुए विस्फोट की जांच में शामिल अधिकारियों, जिसमें 12 लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे, ने बताया कि उमर और एक अन्य प्रमुख संदिग्ध डॉ. मुजम्मिल गनई ने 2021 में तुर्की की अपनी यात्रा के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के सक्रिय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी। अधिकारियों के हवाले से बताया है कि उमर नबी ने छह दिसंबर को बाबरी ढांचा विध्वंस की बरसी के आसपास एक शक्तिशाली विस्फोट की योजना बनाई थी। गिरफ्तार किए गए आठ लोगों से पूछताछ और उनके परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों से बातचीत के बाद उसकी योजना का ब्योरा मिला है।

फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले मुजम्मिल अहमद गनी उर्फ मुसैब की गिरफ्तारी से उसकी योजना नाकाम हो गई थी। अधिकारियों ने दावा किया कि गनी के साथ 2021 में तुर्किये की यात्रा ने उमर के अंदर नाटकीय बदलाव और कट्टरता पैदा की थी। यात्रा के बाद उमर ने कथित तौर पर गनी के साथ अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर सहित विस्फोटक इकट्ठा करना शुरू कर दिया और उन्हें अल फलाह परिसर में व उसके आसपास जमा करना शुरू कर दिया था। वह इंटरनेट पर उपलब्ध स्रोतों से वाहन-आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के निर्माण और विस्फोट सर्किट के बारे में जानकारी लेने के बाद उसे असेंबल कर रहा था। कार में विस्फोट से पहले उमर ने चारदीवारी वाली एक मस्जिद में शरण ली थी, जहां वह शाम तक तीन घंटे रुका था और फिर गाड़ी चलाकर निकल गया था।

जांच के दौरान सामने आया कि माड्यूल के हैंडलर उमर और डाक्टर माड्यूल के अन्य सदस्यों के संपर्क में थे। उमर और मुजम्मिल के पासपोर्ट से पता चलता है कि उन्होंने 2021 में कुछ टेलीग्राम समूहों में शामिल होने के तुरंत बाद तुर्किये की यात्रा की थी। उन्होंने बताया कि एक हैंडलर ने डाक्टर माड्यूल को तुर्किये यात्रा के बाद चुने गए लक्षित स्थानों के साथ पूरे भारत में फैलने का निर्देश दिया था। जांचकर्ताओं ने दो टेलीग्राम समूहों के जरिये एक डाक्टर माड्यूल को कट्टरपंथी बनाने का पता लगाया है। इन टेलीग्राम समूहों में पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद के उमर बिन खत्ताब द्वारा संचालित एक समूह शामिल है।

## फल गोदाम में आगजनी की घटना लाखों रुपए का सामान जलकर खाक

**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर के बृहस्पति बाजार सब्जी मार्केट स्थित एक फल गोदाम में बीती रात अचानक भीषण आग



लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और सिविल लाइन थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## बरपाली में पूर्व मंत्री अग्रवाल ने ली बीएलए की विशेष बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ हेतु कांग्रेस पार्टी कोरबा लोकसभा के प्रभारी जयसिंह अग्रवाल के द्वारा रामपुर विधानसभा के बरपाली में समस्त बी एल ए की विशेष बैठक लिया गया विशेष गहन पुनरीक्षण छत्तीसगढ़ की प्रक्रिया को सही एवं पारदर्शी बनाने हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा कोरबा लोकसभा क्षेत्र हेतु पुर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल को प्रभारी बनाया गया है,इस प्रक्रिया में जयसिंह अग्रवाल के द्वारा रामपुर विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरपाली के समरसता भवन में दिनाँक 12/11/2025 को कांग्रेस पार्टी के द्वारा नियुक्त समस्त बी एल ए एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन एवँ रामपुर विधानसभा के मतदाता सूची को सही एवं पारदर्शी बनाने के लिए विशेष बैठक का आयोजन किया गया, कोरबा लोकसभा स्ढ्क्र प्रभारी जयसिंह सिंह अग्रवाल द्वारा रामपुर स्ढ्क्र प्रभारियो का घोषणा किया गया।इस अवसर पर रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया,कोरबा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष मनोज चौहान , पुर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि सहित समस्त मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से सम्मिलित हुए ।

## मतदाता सूची के सम्बंध में दावा आपत्ति 19 नवंबर तक आमंत्रित

**कोरबा ।** सूर्योदय खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्यादित अयोध्यापुरी के मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर को किया गया है।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सूर्योदय खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्यादित अयोध्यापुरी वार्ड क्र. 48 पंजीयन क्रमांक 248 से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी मतदाता सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा आपत्ति 19 नवंबर तक मंगाया गया है। किसी सदस्य को आपत्ति होने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति श्रीमती गुरबारी बाई साहू को कार्यालयीन समय पर समिति कार्यालय अथवा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उप पंजीयक में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण 20 नवम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। साथ ही उपान्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

## डीएईएसआई कोर्स हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** कृषि विभाग कोरबा द्वारा वर्ष 2025-26 में एक वर्षीय डिप्लोमा इन एग्रिकल्चरल एक्सटेन्शन सर्विस फार इनपुट डीलर्स (डीएईएसआई) कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है साथ ही शासन द्वारा निर्धारित शुल्क अभ्यर्थी को जमा करना होगा। डिप्लोमा कोर्स हेतु व्यापारियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

डिप्लोमा कोर्स करने के पश्चात अभ्यर्थी खाद, बीज एवं कीटनाशक लॉईसेंस प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। उत्तीर्ण होने के पश्चात् अभ्यर्थी खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय हेतु स्वयं के व्यवसाय प्रारंभ कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी कोर्स करने हेतु कार्यालय उप संचालक (कृषि) कोरबा में संपर्क कर आवेदन कर सकते है।



## स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**कोरबा।** आयुष विभाग जिला कोरबा एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय सीतामणी, कोरबा में रक्त परीक्षण एवं आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आयुर्वेदिक औषधियाँ वितरित की गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत 'वंदे मातरम्' गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिसके बाद चिकित्सा परीक्षण कार्य प्रारंभ हुआ। शिविर के दौरान नशा मुक्ति अभियान भी संचालित किया गया तथा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिविर के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशा से दूर रहने और आयुर्वेद के महत्व को समझने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. उदय शर्मा (जिला आयुष अधिकारी), डॉ. सपना मिश्रा, डॉ. रवि कुमार राय, डॉ. अमित, डॉ. संगीता, डॉ. श्वेता, डॉ. अनूप कुमार, श्रीमती दानी, श्रीमती क्षेत्रपाल, श्रीमती महिपाल एवं श्री बी.सी. मिश्रा उपस्थित रहे।

## परिवार को बंधक बनाकर हथियारबंद लोगों ने लूटे नगद व जेवरात

**कोरबा ।** जिले के बालको थाना क्षेत्र के तराईडांड गांव में देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। करीब 10 से 15 हथियारबंद बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिवार के 11 सदस्यों को बंधक बना लिया और करीब डेढ़ लाख रुपये नकद व सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, तराईडांड निवासी शत्रुघ्न दास का परिवार खेती-किसानी के साथ-साथ घर पर राशन दुकान भी चलाता है। आर्थिक रूप से संपन्न होने के कारण उन्हें गांव का बड़ा किसान माना जाता है। यहां रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो चुके थे। इसी दौरान रात करीब 1 बजे, 10 से 15 अज्ञात बदमाश घर के पिछले हिस्से की दीवार फांदकर अंदर घुसे। उनके पास धारदार हथियार थे। उन्होंने शत्रुघ्न दास, उनके बेटे, बहू और अन्य परिजनों को हथियारों के बल पर धमकाते हुए आवाज उठाने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सभी को रस्सियों से बांध दिया गया।

## योगेश ने किया नाम रोशन

**कोरबा ।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा घोषित एल.एल.बी. परीक्षा 2024 की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में एडवोकेट पी. योगेश कुमार ने 07वाँ स्थान प्राप्त किया है। जिन्होंने 2094/3000 अंक (69.80%) हासिल किए हैं। यह सफलता मेहनत, अनुशासन और सतत अध्ययन का परिणाम है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं में नई क्रांति : कोरबा बना स्वस्थ जीवन का मॉडल जिला

**कोरबा।** स्वस्थ जीवन का प्रथम आधार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं होती हैं। इसी उद्देश्य को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में हुए व्यापक सुधारों का परिणाम है कि अब अस्पतालों में पहले जैसी लंबी कतारें अतीत की बात बन गई हैं। आधुनिक मशीनों से सुसज्जित अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि हुई है तथा पर्याप्त दवाएं, बेड और अन्य संसाधन सुनिश्चित किए गए हैं। प्रत्येक मरीज को समय पर उचित उपचार मिल रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन आया है।स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्त नेटवर्क : आंकड़ों में झलकती प्रगतिमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी ने जिले के स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2000 की तुलना में वर्ष 2025 तक कोरबा जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है- उप स्वास्थ्य केंद्र 197 से बढ़कर 285, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 29 से बढ़कर 40, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 3 से बढ़कर 7, शहरी स्वास्थ्य केंद्र 0 से बढ़कर 30, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 3 और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 1 है।जिला अस्पताल में आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चितबेहतर संसाधन, बेहतर उपचारबेड की संख्या 364 से बढ़कर 856, डॉक्टरों की संख्या 99 और स्वास्थ्यकर्मी 876, एंबुलेंस सेवाएं 1 से बढ़कर 29, प्रसव सुविधा केंद्र 230 से बढ़कर 333, शिशु मृत्यु दर 62 से घटकर 48 हो गई है। इन उपलब्धियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को न केवल सशक्त बनाया है, बल्कि आम नागरिकों को उपचार के प्रति आत्मविश्वास भी दिया है।मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों से आमजनों को मिल रहा स्वास्थ्य लाभ:-




जिले में स्व. बिसाहू दास मंहत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय भी संचालित है, जहां विशेषज्ञ अनुभवी चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से आमजनों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

विशेष पहलें और नई व्यवस्थाएं-जिले के सभी 5 ब्लॉकों में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) संचालित है। बर्न यूनिट और शिशु केयर यूनिट (एसएनसीयू) की स्थापना से गंभीर मरीजों और नवजातों को राहत मिली है। टीबी जांच दर 04 प्रतिशत से बढ़कर 44 प्रतिशत, टीकाकरण दर 46 प्रतिशत से बढ़कर 96.36 प्रतिशत पहुंची है। डेंटल यूनिट 1 से बढ़कर 7, आई यूनिट 4 से बढ़कर 8, ब्लड बैंक की संख्या 6 तक पहुंची, जिससे रक्त की उपलब्धता सुलभ हुई।विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाओं का हुआ विस्तारइन 25 वर्षों में जिले में विभिन्न प्रकार की जांच हेतु चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार हुआ है। जिले में एक्सरे जांच की सुविधा 1 से बढ़कर 7 स्थानों में उपलब्ध है। सीटी स्कैन की सुविधा भी 0 से बढ़कर 1 हो गई है। अन्य स्कैन की सुविधा भी 47 पहुंच गई है।सम्मान और पहचानस्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए कोरबा जिले को कई राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। 'संपूर्ण अभियान' के तहत पांच सूचकांकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिले को पुरस्कृत किया गया है। साथ ही, जिले की कई स्वास्थ्य संस्थाएं राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक से प्रमाणित हैं, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जिले की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।कोरबा स्वास्थ्य क्रांति के पांच प्रमुख आयामस्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों का निरंतर विस्तार, विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या में वृद्धि, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण और एंबुलेंस नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण, टीकाकरण, टीबी जांच और प्रसव सुविधाओं में ऐतिहासिक सुधार और राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहचान।

## 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ कोरबा नगर में यूनिटी मार्च का आयोजन

**कोरबा ।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार, कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नगर में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ 13 नवम्बर गुरुवार को 'यूनिटी मार्च' का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को जागृत करना है। राज्यसभा सांसद राजा श्री देवेंद्र प्रताप सिंह,, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी एवं श्रम विभाग श्री लखन लाल देवांगन, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाएं, माय भारत, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड्स, विभिन्न खेल संघ, खिलाड़ी एवं जिले के स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं इस एकता यात्रा में शामिल होंगे।

यूनिटी मार्च का शुभारंभ प्रातः 09 बजे 15 ब्लॉक स्थित पटेल सामुदायिक भवन से किया जाएगा। यह यात्रा ट्रांसपोर्ट नगर चौक, सीएसईबी चौक, अटल परिसर, जैन मंदिर बुधवारी, महाराणा प्रताप चौक, घंटाघर, सुभाष चौक होते हुए कोसाबाड़ी स्थित श्री लालबहादुर शास्त्री चौक में संपन्न होगी। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा द्वारा जिले के सभी बुद्धिजीवियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद परिवारों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से 'यूनिटी मार्च' में उत्साहपूर्वक सहभागिता हेतु सादर आग्रह किया गया है, ताकि सरदार पटेल जी के राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

## घायल व्यक्ति का उपचार के दौरान हुआ निधन

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत बुधवार शाम लगभग 7 बजे दीपका बुधवारी बाजार में स्कूटी और बाईक के बीच हुई टक्कर में शिवम धवल पिता कृष्ण कुमार धवल ऊर्जा नगर निवासी को गेवरा निवासी गंभीर घायल हो गया। एनसीएच चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिफर किया गया। परिजन उसे कोरबा के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जहाँ उपचार के दौरान अलसुबह लगभग 4 बजे निधन हो गया है।




## एनकेएच ओलंपिक्स-2025 अंतर्गत स्वस्थ जीवनशैली की प्रेरणा के साथ खेल भावना का प्रदर्शन

**कोरबा ।** स्वस्थ जीवनशैली और कार्य के बीच संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से न्यू कोरबा अस्पताल (एनकेएच) में 9 से 12 नवंबर तक 11वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'एनकेएच ओलंपिक्स 2025' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। अस्पताल के विभिन्न विभागों के शाखाओं कोरबा, जमनीपाली, चांपा, कटघोरा, बालको, एनकेएच मेडजोन तथा एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर (एडीसी) के स्टाफ ने खेल भावना और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर, अंताक्षरी, टंग ऑफ वॉर, डिबेट और पुशअप जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। बुधवार को सभी प्रतियोगिताओं के फाइनल राउंड खेले गए। महिला क्रिकेट में एनकेएच कोरबा और पुरुष क्रिकेट में एनकेएच चांपा की टीम विजयी रही।।अप (महिला वर्ग) में रामेश्वरी शर्मा और (पुरुष वर्ग) में रितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में एनकेएच कोरबा टीम ने बाजी मारी, जबकि खो-खो में महिला वर्ग में एनकेएच जीवन आशा और पुरुष वर्ग में एनकेएच चांपा ने जीत हासिल की। कैरम में एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर कोरबा तथा कबड्डी में भी एनकेएच चांपा विजेता रही। एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी और डॉ. वंदना चंदानी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, और यही सोच इस आयोजन की प्रेरणा है। मरीजों की सेवा करने वालों का स्वास्थ्य भी उतना ही आवश्यक है। आयोजन ने कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग, टीम भावना और फिटनेस के प्रति जागरूकता को नई दिशा दी। एनकेएच ने 11 वर्षों में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए-डॉ. चंदानी एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में अस्पताल ने चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को समर्पण और करुणा के साथ बेहतर उपचार देना ही संस्थान की प्राथमिकता रही है। एनकेएच परिवार हर वर्ष एनकेएच ओलंपिक्स के माध्यम से खुद को फिट रखकर सेवा के संकल्प को और मजबूत करता है। यह केवल खेल नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में एक संकल्प है। 15 नवंबर को एनकेएच के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन रवि शंकर नगर स्थित मल्लिक वाटिका में किया जाएगा, जिसमें विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत होंगे।

## सूरज से समृद्धि की ओर - प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से जगमगाए श्रवण और सरफराज के सपनों के घर'

**कोरबा।** सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने देशभर के लाखों परिवारों के जीवन में नई रोशनी भर दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से अब आम नागरिक न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्वयं पूरा कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाने की इस पहल ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण का भी मार्ग प्रशस्त किया है। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी बस्तियों तक, यह योजना आज हर घर में आशा की नई किरण जगा रही है।



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू हुई प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर की छत पर सौर पैनल स्थापित कर नागरिकों को स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा लाभार्थियों को वित्तीय सहायता, तकनीकी सहयोग और सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे सौर पैनलों की स्थापना आमजन के लिए सरल और किफायती बनी है। ऊर्जा उपभोग में आत्मनिर्भरता की यह पहल नागरिकों को बिजली बिल से राहत देते हुए अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचने का अवसर भी दे रही है, जिससे परिवारों की आमदनी में वृद्धि हो रही है।छत्तीसगढ़ राज्य में भी प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन के समन्वित प्रयासों और प्रशासनिक तत्परता के परिणामस्वरूप यह योजना तीव्र गति से जन-जन तक पहुँच रही है। विशेषकर ग्रामीण अंचलों में, जहाँ बिजली आपूर्ति एक बड़ी चुनौती मानी जाती थी, वहीं अब वही घर सौर ऊर्जा की स्वच्छ रोशनी से आलोकित हो रहे हैं। इस योजना ने न केवल ऊर्जा उपलब्धता को सुदृढ़ किया है, बल्कि नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना भी जागृत की है। सौर ऊर्जा अपनाने की यह प्रवृत्ति अब स्थायी विकास और हरित भविष्य की दिशा में प्रदेश को नई पहचान दे रही है। कोरबा जिले में इस योजना के अंतर्गत अनेक परिवारों ने सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है।पाली विकासखण्ड के ग्राम केराझरिया के निवासी श्री श्रवण अजगल्ले, पेशे से आर्किटेक्ट हैं। अपने माता-पिता के सपनों का घर बनाते समय उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन यही घर सौर ऊर्जा से प्रकाशित होगा। पहले जब हर महीने बिजली का बिल आता था, तो घर का बजट संभालना कठिन हो जाता था। परंतु अब सूर्यघर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के बाद उनके जीवन में सुखद बदलाव आया है। श्रवण बताते हैं कि अब घर की हर जरूरत सौर ऊर्जा से पूरी होती है कंप्यूटर पर काम करना हो, घर को रोशन रखना हो या गर्मी के दिनों में पंखा और कूलर चलाना हो सब कुछ बिना किसी चिंता के चलता है।

# निगम ने शासकीय जमीन से हटाया अवैध कब्जा

### विद्यालय, दुकान और मकान की आड़ में किए गए अवैध निर्माण ढहाए

**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम और जिला प्रशासन ने शासकीय जमीन पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ कार्यवाही की है। इस दौरान विद्यालय, मकान और दुकानों की आड़ में बनाए गए अवैध निर्माणों को ढहाया गया।पहली कार्यवाही नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 40, रिसदा डैम के पास बालको क्षेत्र में हुई। यहां लगभग 50 डिसमिल शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। बताया गया कि एक व्यक्ति ने जमीन पर बाउंड्री वॉल बनाकर विद्यालय खोलने की आड़ में कब्जा किया था। नगर निगम को शिकायत मिली थी कि उसने शासकीय जमीन पर और भी अतिक्रमण की तैयारी में है। शिकायत के बाद नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और बाउंड्री वॉल को जेसीबी मशीन से ढहा दिया। कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जाधारी ने विरोध किया, लेकिन कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।वार्ड नंबर में भी हुई कार्यवाही इसी कड़ी में दूसरी कार्रवाई नगर निगम क्षेत्र के कोरबा प्रवेश द्वार सीतामढ़ी इमलीडुग्गू वार्ड नंबर 9, गौ-माता चौक के पास की गई। यहां अवैध कब्जाधारियों ने दुकान और मकान के नाम पर निर्माण किए जा रहे थे। लगातार आसपास के छोटे-बड़े पेड़ों को काटकर मकान और दुकानें तैयार की जा रही थीं। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर तोड़ू दस्ते की टीम ने गौ-माता चौक के पास लगभग आधा दर्जन कब्जाधारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया।

## संयंत्र से प्रभावितों को दिया कौशल प्रशिक्षण

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2660 मेगावाट विद्युत संयंत्र से प्रभावित 11 गांवों के युवाओं के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से पांच दिवसीय रोजगारमूलक कार्यों का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी औद्योगिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में प्रभावित ग्राम लोतलोता, स्याहीमुड़ी, चुईया, जमनीपाली, झाबू, पंडरीपानी, नवागांव-कला, डिंडोलभाठा, बिरवट, डोडकधरी और चिरहुट में छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी सीईआर के कार्यों को विस्तारित करेगी।कौशल विकास के प्रशिक्षण का समापन समारोह में मुख्य अतिथि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) श्री एमके गुप्ता व विशिष्ट अतिथि परियोजना प्रबंधक श्री सुधीर पंड्या शामिल हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष सिपेट कोरबा के प्रबंधक (तकनीकी) श्री राजीव कुमार लिल्हारे ने अतिथियों का परिचय देते हुए सिपेट द्वारा प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।

# कलेक्टर अजीत वसंत का ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण दौरा

**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत आज कोरबा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गढ़ उपरोड़ा, आश्रित ग्राम कदमझेरिया तथा ग्राम कोराई पहुँचे। उन्होंने यहाँ स्कूल, आंगनबाड़ी और उपस्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यालयों में नाश्ता वितरण, गैस सिलेंडर के उपयोग, विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य केंद्र में उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया।

शिक्षा पर विशेष ध्यान - विद्यार्थियों को दी प्रेरणा

ग्राम गढ़ उपरोड़ा में कलेक्टर श्री वसंत ने प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि समय पर कोर्स पूरा करें और 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर परीक्षाफल प्राप्त करें।

कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करें। उन्होंने स्कूल में डीएमएफ से प्रदत्त न्यूज़ पेपर डेस्क के उपयोग की जानकारी ली और विद्यार्थियों से प्रतिदिन अखबार पढ़ने का आग्रह किया ताकि वे देश-दुनिया की जानकारी से अवगत रहें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन और नाश्ता वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। गढ़ उपरोड़ा के प्रायमरी एवं माध्यमिक स्कूल में गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं पाए जाने और छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पाये जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए संकुल समन्वयक मूल शाला में वापस भेजने और प्रायमरी स्कूल के प्रधानपाठक श्री केशव प्रसाद उरावं और मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक विक्टर लकड़ा को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, कोराई प्राथमिक शाला में गैस सिलेंडर के उपयोग और समय पर नाश्ता वितरण तथा बेहतर शैक्षणिक माहौल की पुष्टि होने पर उन्होंने प्रधानपाठक और शिक्षकों की प्रशंसा की।

# 2029 में पहली युनिट को शुरू करने का लक्ष्य रखा बिजली कंपनी ने, काम प्रारंभ

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में आने वाले दिनों में बिजली संकट टालने तय समय पर एचटीपीपी विस्तार प्लांट की इकाइयों से उत्पादन शुरू करना होगा। सालाना लगभग 10 फीसदी की दर से बिजली की घरेलू जरूरतें बढ़ी हैं। जानकारी के अनुसार 2029 में एचटीपीपी विस्तार प्लांट की 660 मेगावाट क्षमता की पहली यूनिट शुरू करनी है। 2030 में संयंत्र की 210 मेगावाट की चार पुरानी इकाइयों को एक-एक कर बंद किया जाएगा। अपग्रेडेशन से बिजली उत्पादन की अनुमति मिली है। पुरानी इकाइयों के बंद होने पर ही घरेलू बिजली उत्पादन 840 मेगावाट तक घटेगा। एचटीपीपी प्लांट के दूसरे चरण के विस्तार का काम संयंत्र परिसर में शुरू हो गया है। 660 मेगावाट की दो सुपर क्रिटिकल यूनिट लगेंगी। उत्पादन कंपनी ने बिजली इकाइयों की स्थापना के लिए एनटीपीसी को सलाहकार नियुक्त किया है। बीएचईएल कंपनी को संयंत्र लगाने का ठेका मिला है। इसकी लागत 13 हजार 990 करोड़ रुपए है। नए प्लांट के अस्तित्व में आने पर जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। एचटीपीपी विस्तार के पहले चरण का 500 मेगावाट की इकाई के साथ स्थापना के समय की 210 इकाइयों भी हैं। इन पुरानी इकाइ?यों के अपग्रेडेशन से साल 2030 तक बिजली उत्पादन की अनुमति मिली है। अगले 5 साल में एचटीपीपी विस्तार प्लांट की इकाइयों की कमीशनिंग के बाद बिजली उत्पादन शुरू होने से बिजली संकट टाला जा सकेगा। हालांकि इन इकाइयों की कमीशनिंग में देरी पर उत्पादन कंपनी को पुरानी इकाइयों के एक्सटेंशन बढ़ाने का विकल्प मौजूद है, लेकिन सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी में आवेदन पर अनुमति मिलना जरूरी है। * अनुमान से अधिक बिजली की मांग होने से बजट पर असर अनुमान से अधिक बिजली की मांग का असर राज्य बिजली कंपनी की बजट पर पड़ता है। इससे सेंट्रल सेक्टर से महंगी बिजली लेनी पड़ती है। इसी साल बिजली की मांग के पीक आवर में राज्य बिजली कंपनी ने अधिकतम 14.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली की खरीदी थी। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने 20वीं इलेक्ट्रिक पावर सर्वे के आधार पर वित्त वर्ष 2024-25 में 6232 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग का अनुमान लगाया था। * नए संयंत्र के लिए लांग टर्म प्लान एचटीपीपी विस्तार संयंत्र से बिजली उत्पादन का प्रमुख ईंधन कोयला होगा। संयंत्र के संचालन करने सालाना 65 लाख टन कोयले की जरूरत होगी। नए संयंत्र को लॉन्ग टर्म प्लान के तहत शक्ति पॉलिसी से कोयले की आपूर्ति की जाएगी। इसका अनुबंध हो चुका है। कुसमुंडा खदान से संयंत्र तक कन्वेयर बेल्ट से पुराने पावर प्लांट को कोयले की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में नए संयंत्र को भी कोयला आपूर्ति में दिक्कत नहीं आएगी। संयंत्र के नजदीक एमजीआर रेल प्रणाली की स्थापना होगी ताकि रेल मार्ग से संयंत्र तक कोयले की आपूर्ति का विकल्प मौजूद रहे। * दोनों इकाइयों से तय समय पर उत्पादन का प्रयास : पी.के. स्वैन एचटीपीपी संयंत्र के मुख्य अभियंता पी.के. स्वैन ने कहा हैं कि तय समय पर नए संयंत्र की दोनों इकाइयों से उत्पादन शुरू हो, इसका प्रयास रहेगा। ठेका कंपनी बीएचईएल को बिजली प्लांट बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। एचटीपीपी संयंत्र की पुरानी इकाइयों का एक्सटेंशन बढ़ाने का विकल्प भी है। इसके लिए कंपनी मुख्यालय की ओर से सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी को आवेदन किया जाता है। 2030 तक पुरानी इकाइयों से उत्पादन की अनुमति मिली है।



## कलेक्टर ने गढ़ उपरोड़ा में ग्रामीणों से सीधे सुनी समस्याएँ

**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत आज कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गढ़ उपरोड़ा पहुँचे, जहाँ उन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएँ सुनीं। इस दौरान उन्होंने गाँव में चल रहे प्रधानमंत्री आवास एवं विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए बन रहे पीएम जनमन आवास का निरीक्षण किया।कलेक्टर श्री वसंत ने हितग्राहियों के घर जाकर निर्माणाधीन पीएम आवास और पीएम जनमन आवासों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवासों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।इस अवसर पर कलेक्टर श्री वसंत ने गाँव की महिलाओं से चर्चा करते हुए महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के लाभ की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उन्हें हर माह महतारी वंदन योजना की राशि समय पर प्राप्त होती है, साथ ही उनके राशनकार्ड और आयुष्मान कार्ड भी सक्रिय हैं, जिससे वे शासन की योजनाओं का लाभ उठा रही हैं।कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत गाँव में पानी की आपूर्ति की स्थिति भी जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि पानी आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा या खराबी उत्पन्न होती है, तो ग्राम पंचायत के माध्यम से संधारण कार्य तुरंत किया जाए, ताकि ग्रामीणों को निर्बाध जल आपूर्ति मिलती रहे।



## जनपद सदस्य के पति ने ऑपरेटर से मारपीट की

**जांजगीर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय पामगढ़ में मंगलवार दोपहर एक कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ जनपद सदस्य के पति द्वारा गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पामगढ़ वार्ड क्रमांक 9 निवासी आतम लाल झारिया दैनिक मजदूरी दर पर कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। उसने बताया कि दोपहर करीब 3.30 बजे भैसो निवासी जनपद सदस्य भुवनेश्वरी सिंह अपने पति अग्नि सिंह के साथ कार्यालय पहुंचे।आतम लाल के अनुसार, अग्नि सिंह ने फोन नहीं उठाने की बात पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट में आतम लाल को पीठ, दाहिने हाथ की उंगली, गाल और गर्दन में चोटें आईं। पीड़ित की शिकायत पर पामगढ़ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया।

# स्कूल में कम छात्र मिलने पर शिक्षक को थमाया नोटिस

### सरकारी स्कूलों में लगातार गड़बड़ी आ रही सामने



**जांजगीर।** जिला शिक्षा अधिकारी की टीम ने विकासखंड बलौदा के शासकीय स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में शासकीय प्राइमरी स्कूल दर्राभांठा में 25 में से केवल 17 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। एक शिक्षक अनुपस्थित पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। शासकीय हाई स्कूल लछनपुर में कक्षा 9वीं में 27 और 10वीं में 23 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। सभी शिक्षक उपस्थित थे और अध्यापन कार्य चल रहा था।

शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा में शामिल छात्रों को उत्कृष्ट परिणाम दिलाने के लिए प्रेरित करने और सुनियोजित तैयारी करने के निर्देश दिए गए। गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल मड़वा में 142 में से 111 विद्यार्थी उपस्थित थे। दो सहायक शिक्षक अवकाश पर थे। शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल मड़वा में कुल 140 में से 49 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। एक शिक्षक को बिना आवेदन अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। शेष पांच शिक्षक और प्रधान पाठक उपस्थित थे। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मड़वा में चिरायु टीम द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी व्याख्याता उपस्थित थे और बोर्ड परीक्षा में शामिल छात्रों को उत्कृष्ट परिणाम दिलाने के लिए प्रेरित किया गया।

## 482 वाहन चालकों पर की कार्रवाई

**जांजगीर।** पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान जिले के विभिन्न स्थानों, हाईवे और राजमार्गों पर एक साथ 17 प्वाइंट पर चलाया गया।

अभियान में कुल 482 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इनमें 199 चालकों को बिना हेलमेट वाहन चलाने पर, 122 को तीन सवारी करने पर, 15 को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने पर और 14 को शराब पीकर वाहन चलाने पर पकड़ा गया। इसके अलावा 132 अन्य चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के वाहन जब्त कर धारा 185 एमवी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर अनुशासन बनाए रखना और दुर्घटनाओं को रोकना है। जांजगीर पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें। बिना हेलमेट वाहन न चलाएं, तीन सवारी से बचें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग न करें, तेज गति से वाहन न चलाएं और मालवाहक वाहन में अधिक सवारी न बैठाएं।

## चोरी की प्राथमिकी दर्ज करने के बजाए पुलिस ने पूछा कैमरा क्यों नहीं लगाया

**बलौदा।** परिवार सहित सामाजिक कार्यक्रम में गए डाटा एंट्री ऑपरेटर के घर में चोरी हुई। चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर जेवर और नकद सहित लगभग 80 हजार रुपए का सामान चुरा लिया।

पीड़ित जब एफआईआर दर्ज कराने थाने गया, तो पुलिस ने उससे पूछा- घर में सीसी कैमरा क्यों नहीं लगवाए। इसके बाद आवेदन लेकर जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कही। मामला बलौदा की जनपद कॉलोनी का है। जनपद पंचायत कार्यालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ सुरेश देवांगन कार्यालय के पीछे स्थित कर्मचारी कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते हैं।



मंगलवार को सुरेश बलौदा में ही एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने अपने परिवार के साथ रात 8 बजे गए थे। कार्यक्रम में शामिल होकर जब वह रात 10 बजे घर वापस पहुंचे, तो घर के दरवाज़े का ताला टूटा था। कमरे के अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और उसका लॉकर टूटा हुआ था। उसमें रखे 4 ग्राम सोने का लॉकेट, 3 ग्राम मनचली बटर दाना, ड्रेसिंग टेबल में रखे नकद 5 हजार रुपए, पर्स में रखे 1500 रुपए और बच्चे के गुल्लक से 3000 रुपए कुल लगभग 80 हजार रुपए का सामान गायब था।

## सर्पदंश से हुई मौत, परिजनों को मिलेंगे 4 लाख

**सक्ती।** जिले की सक्ती तहसील अंतर्गत ग्राम सिपाहीमुड़ा निवासी स्व. मंतोष कंवर की सर्पदंश से हुई मौत के मामले में शासन ने उनके परिवार को बड़ी राहत दी है। मृतक की पत्नी एनीबाई कंवर को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) खंड-6, क्रमांक 4 के तहत, प्राकृतिक आपदा या आकस्मिक घटनाओं में होने वाली क्षति के लिए यह सहायता मंजूर की गई है। मंतोष कंवर की मौत सर्पदंश के कारण हुई थी, जिसके बाद शासन ने तत्काल संज्ञान लिया।

## दिल का दौरा पड़ने से चिकित्साधिकारी का निधन

**जांजगीर।** जिले में पदस्थ सीएमएचओ डॉ. मनोज बर्मन की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना 12 नवंबर की सुबह की है। वे अपने घर के सेकंड फ्लोर के कमरे में अकेले थे, तभी उन्हें अटैक आया। परिजनों को जानकारी मिलने तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



डॉ. बर्मन रायपुर के रहने वाले थे और शनिवार को तबीयत खराब होने पर वहां गए थे। गुरुवार को रायपुर में होने वाली एक बैठक में शामिल होने वाले थे, लेकिन बैठक से पहले ही यह घटना हो गई। सीएमएचओ हार्ट की परेशानी से जूझ रहे थे। उन्होंने साल 2015 में बायपास सर्जरी करवाई थी। हालांकि मौत के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने के बाद हार्ट अटैक की पुष्टि हो पाएगी। गौरतलब है कि दिसंबर 2024 तक जिले में सीएमएचओ के पद पर गायनोकॉलोजिस्ट डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया पदस्थ थीं। अगस्त 2024 को उन्हें उस पद से हटाकर डॉ. मनोज बर्मन को जांजगीर-चांपा का सीएमएचओ नियुक्त किया गया। डॉ. सिसोदिया ने तबादले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर स्टे ऑर्डर प्राप्त किया था। इसके बाद उन्हें शासन के आदेश पर प्रमोशन भी मिला। इसी बीच डॉ. बर्मन ने लगभग 4 से 5 माह तक जिले के सीएमएचओ के रूप में सेवाएं दीं।

### जंगल से निकलकर रोड पर पहुंचे 25 हाथी

**रायगढ़।** जिले में पिछले दो दिनों से घरघोड़ा-रायगढ़ रोड पर हाथियों का झुंड आ रहा है। हाथी जंगल से निकलकर रोड पर काफी देर तक चहलकदमी करते हैं। इसके कुछ देर बाद वापस जंगल की ओर चले जा रहे हैं। इसमें नर-मादा के साथ शावक भी हैं। 12 नवंबर की शाम हर दिन की तरह इस रोड पर लोगों का आना-जाना लगा हुआ था। ट्रक-डंपर के साथ बाइक सवार भी इस रोड से गुजर रहे थे, लेकिन तकरीबन साढ़े चार बजे 25 हाथियों का झुंड सामारूमा के जंगल से निकलकर रोड पर आ गया। जिसके बाद दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

हाथियों के सड़क पर आने के बाद दोनों ओर से आने-जाने वाली वाहनों को रोक दिया गया।

## रेल हादसे में घायल छात्रा की हुई मौत

**जांजगीर।** बिलासपुर के लालखदान के पास हुए ट्रेन हादसे में जिले से चौथी मौत हो गई है। इस घटना में पहले भी जांजगीर और सक्ती ट्रेन में सवार तीन की मौत हो चुकी है।



अब 11 नवंबर को इलाज के दौरान नैला निवासी घायल कॉलेज छात्रा ने भी दम तोड़ दिया। नैला निवासी महविश परवीन(19) बिलासपुर के डीपी विप्र कॉलेज में बीएससी गणित की नियमित छात्रा थी और वहीं रहकर पढ़ाई कर रही थी। चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए वह घर नैला गई थी और 4 नवंबर को कोरबा-बिलासपुर मेमू ट्रेन से बिलासपुर लौट रही थी। लालखदान के पास मेमू ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, जिसमें वह महिला कोच में सवार थी। हादसे में उसके दोनों पैर लोहे के एंगल के नीचे दब गए, जिससे उसके पैरों पर गंभीर चोट लगी। झटके से उसकी कॉलर बोन और पसलियों की हड्डियां भी टूट गई। घटना के तुरंत बाद उसे एंबुलेंस से सिम्स अस्पताल लाया गया। जहां स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे अपोलो अस्पताल रेफर किया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

7 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझ रही थी महविश अपोलो अस्पताल में भर्ती छात्र महविश का 7 दिन से लगातार डॉक्टर का इलाज कर रहे थे। लेकिन, उसकी स्थिति बिगड़ती जा रही थी। मंगलवार रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है, जिसके बाद परिजन शव नैला पहुंचे। यहां सुपुर्द ए खाक नैला कब्रिस्तान में किया गया।

### पति की प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने की आत्महत्या

घरघोड़ा।

थाना घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम कोटरीमाल में पति की प्रताड़ना से परेशान होकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बसंतपुर धरमजयगढ़ निवासी आसंमोती उर्फ दिला बिरहोर (28) ने 9 नवंबर की दोपहर आम के पेड़ में फांसी लगाई।

मर्ग जांच में पता चला कि मृतका को उसका पति सुंता





## मिड्डे मिल में गड़बड़ी पकड़ी अध्यक्ष ने

**रिगनी-खरौद।** नगर पंचायत खरौद में छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा और सदस्य ज्योति किशन कश्यप ने मंगलवार को विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद्य सुरक्षा, पूरक पोषण आहार, मध्याह्न भोजन, छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्रों और शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की कार्यप्रणाली और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

निरीक्षण में कई जगहों पर लापरवाही सामने आई। लक्ष्मणेश्वर मंदिर के पास शासकीय उचित मूल्य की दुकान में अनियमितता पाए जाने पर अध्यक्ष ने विक्रेता को फटकार लगाई। इसके बाद टीम छात्रावास पहुंची, जहां अधीक्षक अनुपस्थित थे। इस पर भी नाराजगी जताई गई। टीम ने जय भैरव बाबा राशन दुकान और पास के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

यहां रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिलने पर चेतावनी दी गई। अध्यक्ष और सदस्य ने शासकीय प्राथमिक शाला खरौद और माध्यमिक शाला शुकुलपारा का भी दौरा किया। यहां मध्याह्न भोजन योजना में भारी लापरवाही पाई गई। भोजन अस्वच्छ होने पर अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, छात्रावासों और आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण दल में सचिव राजेश जायसवाल, जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू और अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बम्हनीडीह में रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया छात्राओं ने

**जांजगीर।** प्रदेश के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पंचायत बम्हनीडीह में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत द्वारा आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार, नगर पालिका अधिकारी और नगर के अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने आकर्षक और सुंदर रंगोलियां बनाकर सभी का ध्यान खींचा। प्रतियोगिता के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अधिकारियों ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाने के साथ स्वच्छता और सौंदर्य संवर्धन का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम शालीनता और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।



# छात्रों से पुताई करायी प्राचार्य ने, शिकायत करने पर दी धमकी

### देवी-देवताओं के बारे में भी अभद्र टिप्पणी

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा में स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल के प्रिंसिपल का एक विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह स्टूडेंट्स के करियर को खराब करने की धमकी देते और हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते दिख रहे हैं।

मामला पामगढ़ ब्लॉक के डोंगाकहरौद आत्मानंद स्कूल का है। प्रिंसिपल का नाम कुंज किशोर है। जानकारी के मुताबिक, प्रिसिंपल ने स्टूडेंट्स से क्लासरूम की पुताई करवाई थी। छात्रों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की थी।

जिससे नाराज होकर उन्होंने स्कूल कैंपस में स्टूडेंट्स के सामने कहा कि मेरा जितना बिगाड़ना है बिगड़ चुके। अब मैं तुम्हारे टीसी-सीसी में ऐसा लिखा दूंगा कि मर जाओगे। जो उखाड़ना है उखाड़ लेना।

वहीं, एक और वीडियो में प्रिंसिपल स्कूल के बच्चों के सामने देवी-देवताओं और सांस्कृतिक परंपराओं पर टिप्पणी कर रहे हैं। जिसमें वे ब्रह्मा, सरस्वती और मत्स्य पुराण



शिकायत पर भड़के प्रिंसिपल ने बच्चों को धमकाते नजर आए।

का जिक्र करते हुए विवादास्पद बातें कहते नजर आ रहे हैं।

दरअसल, देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी वाला वीडियो डेढ़ साल पुराना बताया जा रहा है। जो कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें प्रिंसिपल ये कहते नजर आए कि ब्रह्मा से 3 देवियां प्रकट हुईं। जिनमें से एक देवी सरस्वती हैं।

उन्होंने मत्स्य पुराण का हवाला देते हुए कहा कि जब ये देवियां बड़ी हुईं, तो उनकी खूबसूरती इतनी थी कि पिता और पति दोनों का नाम मत्स्य पुराण में ब्रह्मा ही बताया गया है।प्राचार्य के अनुसार ब्रह्मा जी ने 100 सालों तक पुत्री को अपनी पत्नी बनाकर रखा और उनके पुत्र भी हैं। बहुत सारी चीजें हैं जिसे स्वीकार करना थोड़ा सा कठिन हो जाता है। आइए और सच की ओर एक कदम बढ़ाएं।

इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने कहा कि वायरल वीडियो पुराना है। उससे पहले हुए शिकायत पर प्रिंसिपल को पद से हटाकर लेक्चरर के पद पर हाई स्कूल भुईगांव में पदस्थ किया गया है।

कलेक्टर के निर्देश पर पामगढ़ एसडीएम और तहसीलदार की टीम ने स्कूल पहुंचकर छात्रों से बातचीत की और स्कूल के कमरे की पुताई से जुड़े मामले की जानकारी ली। जांच में पता चला कि प्रभारी प्राचार्य ने बोर्ड परीक्षा की कक्षा के छात्रों को पुताई नहीं करने पर प्रैक्टिकल में कम अंक देने की धमकी दी थी। इसी कारण दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने यह वीडियो बनाया था।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन राज्य संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन रायपुर को भेज दिया है। जांच में यह भी सामने आया कि प्रिंसिपल ने नि:शुल्क शिक्षा के स्थान पर छात्रों से यूनिफॉर्म खरीदने के लिए दबाव बनाया और उनसे पैसे भी वसूले थे।

## सांसद ने 10 लाख रुपए अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की

**रिगनी-खरौद।** नगर पंचायत खरौद के शबरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नव निर्मित सभाकक्ष का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े उपस्थित रहीं। अध्यक्षता गोविंद यादव ने की और विशिष्ट अतिथि महेश्वर यादव थे।

सांसद के आगमन पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। सांसद कमलेश जांगड़े ने सभाकक्ष का लोकार्पण करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ संस्कार देने वाली अग्रणी संस्था है। ऐसे विद्यालय समाज की सशक्त नींव हैं। उन्होंने विद्यालय की आवश्यकता को देखते हुए सांसद निधि से 10 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि एक और कक्ष निर्माण हेतु स्वीकृत करने की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी, उपाध्यक्ष महेश कुमार सोनी, सचिव प्रमोद कुमार सोनी, सह सचिव शिवरात्रि प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सोनी, प्राचार्य रामकुमार साहू, सदानंद यादव, उत्तम कुमार सोनी, नेहरू राही, हुलास साहू, परमनंद लहरे, नीलम यादव, शरद चंद्र शर्मा, बसंत यादव, भवानी शंकर साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालक और नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रमोद कुमार सोनी ने किया और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## राम-रामायण जीवन के आधार:सुल्तानिया

### अमर सुल्तानिया की सेवा भाव के साथ जांजगीर चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के भक्तिमय आयोजनों में निरंतर सहभागिता



**जांजगीर-चाम्पा।** सादगी, सेवा और संस्कार से ओतप्रोत व्यक्तित्व के धनी भाजपा नेता अमर सुल्तानिया इन दिनों क्षेत्र के विविध धार्मिक आयोजनों में अपनी सहभागिता के माध्यम से भक्ति और लोकसेवा का सुंदर संगम प्रस्तुत कर रहे हैं।

हाल के दिनों में वे खैरा, घुठिया, सुकली, चोरभट्ठी (जूनाडीह), कर्रा, कुकदा, कांसा, कुथुर जैसे ग्रामों में आयोजित नवधा रामायण में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही उन्होंने पेण्ड्री (नवागढ़), सिवनी, तथा चाम्पा नगर में आयोजित भागवत कथा में श्रद्धापूर्वक भाग लिया और पुरानी बस्ती भगत चौक जांजगीर में चल रहे अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ में भी सहभागिता की।

इन आयोजनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अमर सुल्तानिया ने कहा कि राम रामायण जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम केवल इतिहास के नायक नहीं, बल्कि जीवन के आदर्श हैं। उन्होंने सत्य, त्याग और कर्तव्य की मर्यादा में रहकर समाज को 'सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय' का मार्ग दिखाया। रामायण हमें यह सिखाती है कि जीवन में मर्यादा, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा ही सच्ची भक्ति का रूप है।

सुल्तानिया ने कहा कि भक्ति का अर्थ केवल पूजा नहीं, बल्कि सेवा भी है। जब हम दूसरों के सुख-दु:ख में सहभागी बनते हैं, तभी ईश्वर की वास्तविक आराधना होती है। उनका यह भाव समाज के हर वर्ग में गहराई से प्रतिध्वनित हो रहा है।

गाँव-गाँव की इस सांस्कृतिक यात्रा में अमर सुल्तानिया जनमानस से जुड़ते हुए न केवल श्रद्धा का संवाद स्थापित कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रहे हैं।

जांजगीर-चाम्पा की भूमि सदा से संस्कृति और श्रद्धा का केंद्र रही है — यहाँ के भक्तिमय आयोजनों में राम रस और लोकभाव का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जिसमें अमर सुल्तानिया की सक्रिय उपस्थिति अब जनसेवा का प्रतीक बनती जा रही है।

## उत्कृष्ट शिक्षकों को दिए गए पुरस्कार



**जांजगीर।** हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में ज्योतिर्मय सहोदय सीबीएसई एजुकेशनल समिति की ओर से उत्कृष्ट शिक्षक वार्षिक पुरस्कार समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या गुरमीत कौर धनजल के आतिथ्य में और सहोदय समिति के अध्यक्ष सुमंतो बिस्वास (एनपीएस स्कूल, गोपाल नगर) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

समारोह में सहोदय समिति की सचिव एवं ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सोनाली सिंह, सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर (डीपीएस, चांपा) कल्पना सिंह और गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अघोर विद्यापीठ, नबोको पब्लिक स्कूल, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, चंद्रहासिनी विद्यापीठ, गोल्डन पब्लिक स्कूल खैरताल, संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर, डीपीएस चांपा और एलबीएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल बलौदा के चयनित शिक्षकों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता हैं, जो विद्यार्थियों को विचारशीलता, अनुशासन और मानवता की दिशा में मार्गदर्शन देते हैं। अध्यक्ष सुमंतो बिस्वास ने कहा कि शिक्षक अपने कर्म और मूल्यों से विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हैं। सिटी कोऑर्डिनेटर कल्पना सिंह ने शिक्षकों को ज्ञान का दीपक बताया, जबकि सचिव सोनाली सिंह ने शिक्षा की गुणवत्ता और नवाचार पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या गुरमीत कौर धनजल के निर्देशन में हुआ।

## 15 वें वित्त की राशि नहीं मिलने से रूके विकास कार्य

**करही बाजार।** शासन की योजनाओं को लागू करने और गांवों तक पहुंचाने में ये पंचायतें अहम भूमिका निभाती है। लेकिन गत पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद से अभी तक जिले के ग्राम पंचायतों को मिलने 15 वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने से पंचायत स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ गया है तथा पंचायतों के लोग निर्वाचित सरपंच पर सवाल उठा रहे हैं। बुनियादी समस्याओं के निराकरण एवं विकास कार्यों के लिए मिलने वाली 15 वें वित्त के राशि नहीं मिलने से पंचायतों में अनेक विकास मूलक कार्य थम से गए हैं। सरपंचों का कहना है कि यह नियम उन्हें सिर्फ नाम का सरपंच बना रहे हैं। गांवों की समस्याओं का समाधान को लेकर उनके पंचायत में फंड ही नहीं है। जिसकी वजह से सभी कार्य रुक हैं। ऐसे में मूलभूत व वित्त आयोग की राशि नही मिलने के कारण ग्राम विकास की रफ्तार थम जाने से योजनाओं का लाभ आमजन तक नही पहुंच पा रहा है। जिससे आम जनता निराश और परेशान है।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**

स्वच्छता शाखा- साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक, कोरबा (छत्तीसगढ़)

दुरभाष : 221288, 222672, फैक्स : 07759-221929, पो.बाक्स नं. 12 पिन कोड-495677

Webside: www.korbamunicipal.in,Email : mck.helthsection@gmail.com

क्रमांक/06/स्व. /2025/12442 कोरबा, दिनांक 10.11.25

**//रूचि की अभिव्यक्ति//**

नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.) द्वारा पंजीकृत गौ सेवा संगठनों (समिति) पशु सुरक्षा संगठनों से निम्न कार्यों हेतु प्रस्ताव आमंत्रित है।

कार्य का नाम : -

1. सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं (घुमन्तु पशुओं) को छ.ग. राज्य गौ सेवा आयोग नियम 2005 (यथा संशोधित 2011, 2013, 2016, 2017) के विहित प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कानून का पालन करते हुए काऊ केचर के माध्यम से पकड़कर कांजीघर/गौठान में व्यवस्थित करने एवं कांजीघर/गौठान में व्यवस्थित गौधन/पशुओं की देख-रेख घास, भोजन की व्यवस्था सफाई व्यवस्था एवं सुरक्षा कार्य।

2. प्रति पशु/प्रति दिवस प्रस्ताव आमंत्रित है, प्रस्ताव निगम में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24.11.2025 अधिक जानकारी के लिये इच्छुक स्वयंसेवी संस्था नगर पालिक निगम, कोरबा की वेबसाईट www.korbamunici-pal.in में साकेत भवन के राजस्व शाखा एवं स्वच्छता शाखा से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छत्तीसगढ़)**

## अनमोल वचन......

**आत्मविश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है।**

# लोग भले जहरीली हवा में सांस लेते रहें

*क्या उससे इस बात से परदा हटेगा कि दिवाली को- जिस रोज एक्यूआई के अति असामान्य स्तर तक जाता रहा है- अधिकांश मशीनें बंद क्यों थीं। और क्या सचमुच मशीनों के पास जल छिड़काव कर स्थिति बेहतर दिखाने की कोशिश हुई।*

*आरोप पहले से लग रहे थे। अब ये बात सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही में भी दर्ज हो गई है। बात अदालत की तरफ से नियुक्त न्यायमित्र ने बताया कि दिवाली के दिन दिल्ली में प्रदूषण की निगरानी करने वाले 37 में सिर्फ नौ केंद्र काम कर रहे थे। यानी 28 केंद्र या तो बंद थे या उन्हें बंद कर दिया गया था। नतीजा यह हुआ कि दिवाली को राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) कहां तक पहुंचा, इसका अंदाजा ही नहीं लगा। जो आंकड़े लोगों को सामने आए, तजुर्बे के बरक्स उन पर यकीन करना सबके लिए कठिन था, मगर लोगों के पास उसके अलावा विकल्प भी क्या था! आम आदमी पार्टी के नेताओं ने तभी मशीनों से छेड़छाड़ का इल्जाम लगाया। उन्होंने ऐसे वीडियो भी जारी किए, जिनमें निगरानी केंद्रों के आसपास जल का लगातार छिड़काव होते दिखाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि मशीनों में प्रदूषण की मात्रा कम होकर दर्ज हो। अब न्यायमित्र ने सवाल उठाया है कि जब सरकार के पास वास्तविक आंकड़े ही नहीं थे, तो आखिर राजधानी में ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) कैसे लागू कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों से इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।*

*मगर बड़ा सवाल है कि क्या उससे इस बात से परदा हटेगा कि दिवाली के दिन- जिस रोज एक्यूआई के अति असामान्य स्तर तक जाता रहा है- उस दिन अधिकांश मशीनें बंद क्यों थीं। और क्या सचमुच मशीनों के पास जल छिड़काव कर स्थिति बेहतर दिखाने की कोशिश हुई। ऐसा हुआ, तो यह किसके निर्देश पर हुआ। क्या ऐसे अधिकारियों की जवाबदेही तय हो सकेगी। सारा मुद्दा इसलिए ज्यादा समस्याग्रस्त दिखता है, क्योंकि वर्तमान सरकार के समय में अक्सर सूरत बेहतर दिखाने के लिए आंकड़ों को छिपाने या उनमें हेरफेर करने के इल्जाम लगते रहे हैं। धारणा बनी है कि मौजूदा सरकार की दिलचस्पी स्थिति को नहीं, धारणाओं को सुधारने में है। ताजा मामले में इसका मतलब है कि लोग भले जहरीली हवा में सांस लेते रहें, लेकिन मानें कि हालात पहले से बेहतर हैं। क्या यह अजीबोगरीब सोच नहीं है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे, आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा।

**मिथुन राशि :** कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको शांत मन से सोचने की जरूरत है, परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपकी मदद मांगेंगे। समाज में आज आप अपने बढ़िया कार्यों के कारण पहचाने जाएंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रों को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। कुछ विरोधी आपके काम में समस्याएं डालने की कोशिश कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको पैसों की जरूरत पड़ सकती है। आज आपको बेवजह की उलझने लेने से बचने की जरूरत है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यापार की गति थोड़ी धीमी होने से उलझन होगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखने की कोशिश करेंगे। आज किसी कामों को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको समझ नहीं आएगा कि किसे पहले करें और किसे बाद में। कंप्यूटर के स्टूडेंट्स को कुछ अच्छा सीखने का मौका मिलेगा। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा।

**कुंभ राशिः** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी।

**मीन राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए- पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-एंड-ट्रेवल्स संबंधी कार्यों में अच्छा लाभ होगा। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

# चैंपियन रहे बिहार के मतदाता

//डॉ नीतू कुमारी नवगीत //

**बिहार की भूमि लोकतंत्र की जन्मदात्री है। ऐतिहासिक साक्ष्यों से साबित हुआ है कि बिहार के वैशाली में ही लोकतंत्र के प्रथम सफल प्रयोग हुए। बिहार राजनीतिक रूप से एक जागरूक राज्य भी है। लोकतंत्र के भाग्य विधाता मतदाताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में शानदार भागीदारी निभाते हुए इस बात की पुष्टि की है कि क्यों देश में बिहार को राजनीतिक रूप से जागरूक और प्रतिनिधि राज्य माना जाता है। चुनाव आयोग द्वारा जो अनंतिम आंकड़े जारी किए गए हैं उसके अनुसार इस बार के चुनाव में 66.91 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिहार के 73 सालों के चुनावी इतिहास में पहली बार राज्य के मतदाताओं ने इतनी बम्पर वोटिंग की है।इससे पहले वर्ष 2000 में 62.57 प्रतिशत मतदान हुआ था । बिहार की महिलाएं लगातार बढ़त बनाई हुई हैं । इस बार भी महिलाओं ने पुरुषों से लगभग 8.8 प्रतिशत अधिक मतदान किया है ।**

भारत निर्वाचन आयोग ने इसको विशेष मतदाता पुनरीक्षण और व्यापक जन भागीदारी सहित सभी सम्बंधित पदाधिकारी और जनजागरूकता से जुड़े लोगों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है । भारतीय संविधान लागू होने के उपरांत मतदाताओं की भागीदारी के आधार पर यह बिहार का सबसे सफल चुनाव रहा। महिला मतदाताओं का जोश पुरुष मतदाताओं से भी अधिक रहा। दूसरे चरण के मतदान में 74 प्रतिशत से भी अधिक महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि मात्र 65प्रतिशत पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोनों चरणों के मतदान के दौरान महिलाओं की भागीदारी अधिक रही। कुल मिलाकर जहां 65.08 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 68.76 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में अपनी भागीदारी निभाई। बिहार की महिलाओं की यह सजगता काबिले तारीफ है। चुनाव आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान की स्वीप आइकॉन के रूप में जहां कहीं भी मैं मतदाताओं की मतदान की जरूरत के संबंध में बताने गई, रिस्पांस बहुत अच्छा रहा। बिहार के लोग चुनाव को लेकर उत्साहित रहते हैं। इस बार मतदाताओं ने चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया। लोक आस्था के महान पर्व छठ के ठीक बाद हुए चुनाव में मतदाताओं ने वैसे ही बढ़-कर कर भाग लिया जैसे अपने लोकोत्सव को मनाया। मतदान प्रक्रिया में इतनी अच्छी भागीदारी लोकतंत्र की जीत है, बिहार की जीत है। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित करने में 8.5 लाख से अधिक कर्मचारियों, 1.4 लाख से अधिक पोलिंग एजेंट, 243 जनरल ऑब्जर्वर, 38 पुलिस ऑब्जर्वर, 67 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर ने भी अपनी भूमिका निभाई। सभी अपनी शानदार भूमिका के लिए बधाई के पात्र हैं।

इस चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, फिलिपींस, बेल्जियम और कोलंबिया के 16 प्रतिनिधि भी आए जिन्होंने बिहार में हुए इस शानदार चुनाव और जनता के उत्साह को देखा, समझा और महसूस किया।वस्तुतः लोकतंत्र का महापर्व चुनाव ही है। पिछले कुछ चुनाव में जनता की कम भागीदारी चिंता का विषय रहा है लेकिन इस बार बिहार के मतदाताओं ने नई राह दिखाई है। अपार उत्साह और रिकॉर्ड वोटिंग के साथ उन्होंने संदेश दे दिया है कि लोकतंत्र में उनकी गहरी आस्था है। आगे का काम जनप्रतिनिधियों का होगा। चुनावी प्रक्रिया में जिन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा में जाने का मौका मिलेगा, उन सब को जनता के विश्वास पर खड़ा उतरना होगा। अपनी भूमिका सशक्त तरीके से निभानी होगी ताकि जनता का भरोसा न सिर्फ उन पर बना रहे, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी बना रहे। जय लोकतंत्र जय बिहार की जनता । (डॉ नीतू कुमारी नवगीत बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पटना जिला में निर्वाचन आयोग की मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप आइकॉन रही। वह बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका हैं।)

## नीतीश कुमार ने बिहार की तस्वीर अब तकदीर बदली है

तत्कालीन बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और 1951 के जन्मे 74 वर्षीय राजनेता नीतीश कुमार ने 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद 20 वर्षों में बिहार की तकदीर और तस्वीर बदलदी है उन्होंने बिहार का जंगल राज समाप्त कर दिया है। 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव राजग उनके नेतृत्व में ही लड़रहा है । 6 नवम्बर को 121 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। दूसरे और अंतिम चरण के मत शेष 121 स्थानों पर 11नवम्बर को डाले जाएंगे। नीतीश कुमार की राजनीति पर नजर डाले उन्होंने 1996 का चुनाव लोकसभा का लड़ा। नालंदा जिले से आने वाले नीतीश कुमार पर कभी भी कोई आरोप नहीं लगा है। वे मप्र के कैलाश जोशी है । नीतीश कुमार को नजदीक से जानने वाले कहते हैं कि उन्होंने राजनीति में रहते कभी परिवार के लोगों को सत्ता का लाभ नहीं दिया न ही उन्होंने किसी उद्योगपति, ठेकेदार, नौकरशाह, मंत्री को नियम से बाहर फायदा पहुंचाया। एक बार 2000 के विधानसभा चुनावों में वे इस बात के लिए परेशान थे कि चुनाव का खर्च किस प्रकार मैनेज किया जाए। तत्कालीन समय में प्रमोद महाजन ने उनकी इस समस्या को दूर किया था। नीतीश कुमार के पिता रामलखन सिंह जय प्रकाश नारायण के निजी सचिव थे। लेकिन उनकी इच्छा थी नीतीश कुमार पढ़ लिख कर नौकरी करें क्योंकि उनको परिवार चलाने में दिक्कत होती थी। नीतीश कुमार ने भी उनकी इच्छा का सम्मान कर राज्य बिजली विभाग में सहायक अभियंता की नौकरी कर ली। लेकिन उनका मन राजनीति में रमता था।वे बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र संघ के दो बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। नीतीश कुमार की पत्नी को हमेशा यह शिकायत रही कि समय पर उपस्थित नहीं रहते थे।राजनीतिक दल के रूप वे जॉर्ज फर्नांडिस के अनुयायियों में थे । समता पार्टी उन्होंने शरद यादव के साथ मिलकर बनाई।शरद यादव से मतभेद के चलते उन्होंने जनता दल यूनाइटेड बनाया और आज भी वे उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।कुर्मी समुदाय से आने वाले नीतिश कुमार ने राजनीति का को पहले जय प्रकाश नारायण, फिर चंद्रशेखर से समझा ।बिहार की जाति परख राजनीति में उन्होंने नया तबका खड़ा किया जिसे अब अति पिछड़ी जाति कहते हैं जिसमें धोबी, कुम्हार, निषाद, पासवान, धानुक,कोइरी,जाटव ,आदि जातियां आती हैं।उनको भारतीय जनता पार्टी का संग खूब पसंद है और दो बार विमुक्त होने के बाबजूद फिर से 2023 में राजग में बापिस आ गए। नीतीश कुमार 2005 में मुख्यमंत्री बन गए थे तब से अब तक मुख्यमंत्री है।

# बिहार चुनाव से पहले राहुल का वोट चोरी दांवः क्या जेन-जी को भड़काने की साजिश?

//उमेश चतुर्वेदी//

**राहुल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कुल मतों के अंतर के बहाने से भी कांग्रेस की हार को वोट 'चोरी' से जोड़ दिया है। उनका कहना है कि बीजेपी और कांग्रेस में सिर्फ 1.18 लाख वोटों का अंतर रहा। लेकिन कांग्रेस ने आठ सीटें 22,779 वोटों के अंतर से गंवाई। बिहार के मतदान के ठीक पहले राहुल गांधी ने नया हाइड्रोजन बम फोड़ते हुए उम्मीद की होगी कि 'वोट चोरी' के आरोप का यह नया संस्करण राज्य की चुनावी राजनीति में भूचाल ला देगा। उनके समर्थक और सिपहसालार दावा करने लगे हैं कि राहुल के इस बम विस्फोट ने बिहार के वोटरों की आंखें खोल दी हैं। इस जानकारी के बाद मतदाता मौजूदा मोदी और नीतीश सरकार के साथ ही बीजेपी से सावधान हो गया है। सोशल मीडिया पर यहां तक दावे किए जा रहे हैं कि राहुल के इस हमले से बिहार के मतदाताओं के बड़े वर्ग का रूख महागठबंधन की ओर हो गया है।**



इस मसले पर चर्चा से पहले राहुल के आरोपों की मीमांसा ज्यादा प्रासंगिक हो उठती है। राहुल के आरोपों के जवाब में हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी और चुनाव आयोग ने जो जवाब दिया है, उस पर भी गौर किया जाना चाहिए। आयोग ने उल्टे सवाल ही पूछ लिया है। उसका कहना कि एक से अधिक नामों से बचने के लिए मतदाता सूची संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंटों यानी बीएलए ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई? अगर ये फर्जी मतदाता थे भी, तो यह कैसे कहा जा सकता है कि उन्होंने भाजपा को ही वोट दिए?

राहुल ने दावा किया है कि पिछले हरियाणा विधानसभा चुनावों में डाला गया हर आठवां वोट फ़र्ज़ी था। उनका कहना है कि राज्य में एक लाख चौबीस हज़ार से अधिक फर्ज़ी तस्वीरों वाले वोटर हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक ही घर में 501 वोटरों के नाम दर्ज हैं और वह घर भी सिर्फ़ कागजों पर है। राहुल के अनुसार, एक बुज़ुर्ग महिला का नाम मतदाता सूची में 220 बार दर्ज है। राहुल ने इन आरोपों के जरिए हरियाणा के चुनाव नतीजों को लेकर समर्थकों के एक वर्ग को भ्रमित करने में सफल भी रहे हैं। ऐसी कोशिश वे पहले कर्नाटक और महाराष्ट्र के चुनावों के संदर्भ ऐसे ही वोट 'चोरी' के आरोप लगाकर कर चुके हैं। लेकिन राहुल के आरोपों में बहुत झोल है। उन्होंने जिस मतदाता सूची का उन्होंने ज़िक्र किया है, वह मुलाना विधानसभा क्षेत्र की है। दिलचस्प यह है कि राहुल के आरोपों के लिहाज से यहां बीजेपी को जीत मिलनी चाहिए, क्योंकि उनके हिसाब से फर्जी वोटरों ने बीजेपी को ही वोट डाला है। लेकिन मुलाना से कांग्रेस का ही उम्मीदवार जीता है। ऐसे में क्या राहुल के आरोप सवालों के घेरे में नहीं आ जाते। दिलचस्प यह है कि राहुल एग्जिट पोल को सही ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि हरियाणा चुनाव के बाद पांच प्रमुख एक्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस भारी बहुमत से जीत रही थी। लेकिन नतीजे उलटे रहे। राहुल का कहना था कि इतिहास में पहली बार हरियाणा में कांग्रेस को पोस्टल बैलेट में 73 सीटों पर जीत मिली, लेकिन वोट चोरी से नतीजे बदल गए। दिलचस्प यह है कि जब यही एक्जिट पोल 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी की भारी जीत दिखा रहे थे, तब राहुल ने उन्हें भ्रम बताते हुए खारिज कर दिया था। ऐसा कैसे हो सकता है कि बीजेपी की जीत दिखाने वाला एक्जिट पोल भ्रमित करने वाला हो और जब वही कांग्रेस को जीतता दिखाए तो वह सही। यहां यह भी ध्यान देना होगा कि हरियाणा में सिर्फ 0.57 प्रतिशत मतदाताओं ने ही बैलेट और डाक मत पत्र का इस्तेमाल किया। इतने कम मतदाताओं की राय को राहुल जैसा महत्वपूर्ण राजनेता महत्व कैसे दे सकता है। राहुल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कुल मतों के अंतर के बहाने से भी कांग्रेस की हार को वोट 'चोरी' से जोड़ दिया है। उनका कहना है कि बीजेपी और कांग्रेस में सिर्फ 1.18 लाख वोटों का अंतर रहा। लेकिन कांग्रेस ने आठ सीटें 22,779 वोटों के अंतर से गंवाई। लेकिन ऐसा करते वक्त वे भूल गए कि 2018 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की तुलना में बीजेपी को 47,827 वोट ज्यादा मिले थे, लेकिन उसकी सीटें कम रह गई थीं। हरियाणा में तो सबसे कम अंतर वाली 10 सीटों में कांग्रेस को 6 पर जीत मिली। लेकिन राहुल इसे नहीं समझ पा रहे हैं। राहुल के मुताबिक, एक महिला ने राई विधानसभा क्षेत्र के 10 अलग-अलग मतदान केंद्रों पर पर 22 बार मतदान किया। कांग्रेस ने इसे सेंट्रल ऑपरेशन कहा। गौरतलब है कि मतदाता सूची में एक ही नाम बार-बार मिलने से यह साबित नहीं होता कि वही व्यक्ति कई बार मतदान करने गया। राहुल के सलाहकारों को उन्हें बताना चाहिए कि मतदाता सूचियों में डुप्लीकेट नाम अक्सर पलायन, टाइपिंग की गलती या फिर पहले के रिकॉर्ड के अपडेट न होने की वजह से रह जाते हैं। चुनाव आयोग इन्हीं वजहों से विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर जैसी प्रक्रिया अपना रहा है, ताकि त्रुटियों को सुधारा जा सके। लेकिन राहुल इस प्रक्रिया का भी विरोध कर रहे हैं और डुप्लिकेट नामों को लेकर सवाल भी उठा रहे हैं। वैसे यह भी ध्यान रखना चाहिए कि मतदाता सूची में डुप्लिकेट नाम होना या ऐसी अन्य गलती 'वोट चोरी' की वजह नहीं होती। अगर इसके जरिए फर्जी मतदान होता भी है तो सवाल यह है कि मतदान केंद्र पर मौजूद कांग्रेस के एजेंटों ने सवाल क्यों नहीं उठाए।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अभी राहुल के आरोपों पर गंभीर और विस्तृत जवाब की तैयारी में हैं। लेकिन यह भी सच है कि चुनाव आयोग ने 2 अगस्त 2024 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया था, जिसके बाद 4.16 लाख दावे और आपत्तियां आईं और उनका सत्यापन किया गया। इसके बाद 27 अगस्त 2024 को अंतिम मतदाता सूची को प्रकाशित किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में अगर विसंगतियां थीं तो सवाल यह है कि कांग्रेस के बीएलए ने सवाल क्यों नहीं उठाए।

चुनाव आयोग ने 16 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची सभी दलों और उम्मीदवारों को दोबारा दी थी, इसके बाद हुए चुनावों में लगभग 87 हजार मतदान केंद्र एजेंटों ने 20 हजार मतदान केंद्रों की निगरानी की। दिलचस्प यह है कि मतगणना के दौरान सिर्फ पांच शिकायतें ही मिली हैं। उनमें से एक भी कांग्रेस की नहीं है, यानी कांग्रेस और उसके एजेंट उस वक्त की प्रक्रिया से संतुष्ट थे। राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कई नामों के साथ ब्राज़ील की मॉडल की तस्वीरें लगाई गई है। हालांकि कुछ मीडिया संस्थानों की जांच में पता चला है कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए मतदाता पहचान पत्र नंबर और पहचान पत्र पूरी तरह वैध है और उन पर असल मतदाता की फोटो है। तो क्या यह मान लिया जाए कि राहुल की टीम ने उनसे गलत बयानी की या फिर जानबूझकर फर्जी फोटो दिखाकर देश को गुमराह किया गया। नेपाल में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद भारत में कुछ लोग जेन-जी को खूब उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे राहुल भी उन्हीं लोगों में शामिल हो गए हैं? क्योंकि उन्होंने भी इस हाइड्रोजन बम फोड़ते वक्त ना सिर्फ देश के युवाओं, बल्कि जेन-जी को उकसाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है, मैं चाहता हूँ कि जेन-जी इसे गंभीरता से ले, क्योंकि तुम्हारा भविष्य तुमसे छीना जा रहा है। बिहार चुनाव से ऐन पहले ऐसे बयान के अर्थ तो निकाले ही जाएंगे। वैसे तो बीजेपी विरोधी तबका राहुल के बयानों को ही पवित्र धार्मिक पुस्तक की तरह स्वीकार कर रहा है। लेकिन जिस तरह से उनके दावों की पोल खुली है, उससे शंका होना स्वाभाविक है कि वे भी उन लोगों के साथ जाने या अनजाने खड़े हो रहे हैं, जो युवाओं को चुनाव आयोग और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अविश्वास से भरने की कोशिश में हैं। खतरा यह है कि नौजवान ऐसी बातों से जल्दी प्रभावित होते हैं। अतीत के चुनावों में राहुल राफेल घोटाला, चौकीदार चोर है, जैसे असफल अभियान चला चुके हैं। तो क्या यह मान लिया जाय कि 'वोट चोरी' के आरोपों के जरिए एक बार फिर वे ऐसे ही अभियान पर हैं? विचार मतदाताओं को करना है।

## तस्वीरों की दुनिया



भूटान में चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के भाग के रूप में कालचक्र सशक्तिकरण समारोह के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ।



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ कार्रवाई के दौरान सुरक्षाकर्मी।




बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र का एक प्रशंसक भावुक हो गया जब उसने मुंबई में उनके बंगले के बाहर दिग्गज अभिनेता के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए एक पोस्टर पकड़ा हुआ था।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की ट्रॉफी के लिए आयोजित समारोह के दौरान।



मुंबई में बीएसई में टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमएलसीवी) के लिस्टिंग समारोह के दौरान, टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, बाएं से दूसरे, बीएसई (पूर्व में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदररामन राममूर्ति, दाएं से दूसरे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद एलएनजेपी अस्पताल में इलाज करा रहे एक घायल व्यक्ति से मिलते हुए।

# दिल्ली में हुए आतंकी हमले में बड़ा खुलासाः डीएनए जांच रिपोर्ट ने बताया डॉ. उमर का सच, ब्लास्ट में था शामिल

नईदिल्ली, 13 नवंबर [एजेंसी]।

आखिरकार डीएनए जांच से इसकी पुष्टि हो गई है कि 10 नवंबर की की शाम को लाल किला के पास किए गए विस्फोट में डॉ उमर मोहम्मद भी शामिल था। घटनास्थल से बरामद किये गए मानव अंगों की उमर के परिजनों से मिले डीएनए का मिलान किया गया। इसके बाद आई जांच रिपोर्ट से पूरे मामले का खुलासा हो गया। इसे लेकर अब तक यह बड़ा सवाल बना हुआ था कि डॉ. उमर विस्फोट में शामिल था या नहीं। मगर डीएनए जांच की रिपोर्ट ने जांच एजेंसियों की आशंका पर मुहर लगा दी है। सोमवार शाम दिल्ली के लाल किले के सामने एक गाड़ी में विस्फोट



हुआ था। इस धमाके में अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई घायल हैं।

जिस गाड़ी में धमाका हुआ, उसे संदिग्ध उमर चला ही चला रहा था। इस तरह ब्लास्ट में डॉक्टर उमर नबी भी मारा गया। हालांकि, अभी तक उसके शव की पुष्टि नहीं हो सकी थी। इसके लिए उमर की मां को पुलिस डीएनए टेस्ट के लिए अपने साथ ले गई थी।अधिकारियों ने कहा था कि हम विस्फोट के स्थान पर पाए गए भागों के साथ मिलान करने के लिए डीएनए नमूने एकत्र करने के लिए संदिग्ध की मां को ले गए हैं। उमर नबी कथित तौर पर हुंडई आई-20 कार चला रहा था। इसी कार का इस्तेमाल अटैक के लिए किया गया था।

## जीएसटी घोटाले के आरोपी शिवकुमार और मोहित देवड़ा को नहीं मिली जमानत

### दोनों की जमानत याचिका खारिज

रांची, 13 नवंबर [एजेंसी]।

झारखंड हाई कोर्ट से जमशेदपुर के जीएसटी घोटाले के आरोपित शिवकुमार देवड़ा और मोहित देवड़ा को राहत नहीं मिली है। जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी




है। पूर्व में अदालत ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी की ओर से कहा गया था कि आरोपित गंभीर वित्तीय अपराध में संलिप्त हैं। इनके खिलाफ ठोस सबूत मिले हैं। अदालत ने ईडी के तर्क पर सहमति जताते हुए कहा कि इस स्तर के आर्थिक अपराध में जमानत नहीं दी जा सकती है। यह मामला शेल कंपनियों के नाम पर की गई फर्जी जीएसटी एंट्री के जरिए करीब 800 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। जांच के दौरान अब तक चार से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें शिवकुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा, जमशेदपुर के जुगसलाई के कारोबारी विक्की भालोटिया और कोलकाता के कारोबारी अमित गुप्ता शामिल हैं।आरोप है कि शिवकुमार देवड़ा, सुमित गुप्ता और अमित गुप्ता सहित अन्य ने लगभग 14,325 करोड़ रुपये के फर्जी चालान तैयार किए, जिनके आधार पर 800 करोड़ रुपये से अधिक के अयोग्य जीएसटी क्रेडिट दावे किए गए। इससे केंद्र और राज्य सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हुआ।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी के मालिक की जानकारी खंगाल रही महू पुलिस, कट्टर धार्मिक प्रवृत्ति का है जवाद



**महू (इंदौर)13 नवंबर।** सफेदपोश आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए फरीदबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय के ट्रस्ट अल फलाह के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी को पुलिस तलाश रही है।जवाद सिद्दीकी ने करीब ढाई दशक पहले महू में रहते हुए करीब ढाई दशक पहले अल-फलाह ट्रस्ट बनाया था और चिट फंड कंपनी चलाया करता था। पता लगा है कि जवाब धोखाधड़ी के आरोप लगने के बाद परिवार सहित फरार हो गया। इसके कुछ समय बाद उसने फरीदाबाद में अल फलाह विश्वविद्यालय की स्थापना की। महू के एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि जवाद के परिवार के बारे में महू नगर में स्थानीय कायस्थ मोहल्ले व आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की गई, पर अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। उसके महू और आसपास के लोगों से संपर्क तलाशे जा रहे हैं।कायस्थ मोहल्ले में उसका घर था, जो बहुत पहले बेच चुका है। पता चला है कि जवाद ने इंदौर में लंबे समय तक शिक्षण कार्य किया था।उसके एक पूर्व विद्यार्थी ने बताया कि जवाद ने इंदौर के प्रतिष्ठित गोविंदराम सेकसरिया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड साइंस से इंजीनियरिंग की थी।वह कट्टर धार्मिक प्रवृत्ति का था।

## बर्मामाइंस थाना के मुंशी की दंबगई पार्किंग कर्मी को थाना ले जाकर पीटा

**जमशेदपुर 13 नवंबर।** टाटानगर बर्मामाइंस छोर पर पार्किंग परिसर में बुधवार की रात बर्मामाइंस थाना के मुंशी राजीव कुमार ने दबंगई दिखाते हुए एक युवक की थाना ले जाकर जमकर पिटाई कर दी।दरअसल, पूरा विवाद पार्किंग में खड़े युवक की बाइक को मुंशी की कार द्वारा ठोकर मारे जाने के बाद विवाद उत्पन्न हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राजीव कुमार अपने निजी कार लेकर पार्किंग में दाखिल हुआ और लगातार तेज हॉर्न बजाने लगा। इस दौरान वहां खड़की एक बाइक को टक्कर मारी दी। सिर्फ यही नहीं बाइके पास खड़े युवक पर कार चढ़ाने की कोशिश करने का आरोप भी मुंशी पर लगाया। घटना के दौरान जब पार्किंग कर्मी पवन ने इसका विरोध किया और मुंशी को समझाने की कोशिश की तो स्थिति और बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि राजीव कुमार ने पवन से मारपीट शुरू कर दी और गाली गलौज करने लगा। इसके बाद मुंशी से थाने की पेट्रोलिंग पार्टी को मौके पर बुलाया और पवन को जबरन अपने साथ ले गए।थाने में पुलिस पर पार्किंग कर्मी की पिटाई का आरोप भी लगा है। घटना की सूचना मिलते ही अन्य पार्किंग कर्मी और स्थानीय लोग थाना पहुंचे। इसके बाद लोगों ने पार्किंग कर्मी की रिहाई की मांग को लेकर हंगामा किया।बढ़ते विरोध के कारण अंततः बर्मामाइंस पुलिस ने पवन को छोड़ दिया। पवन ने मीडिया को बताया कि मुंशी पूरी तरह नशे में था और उसने पहले पार्किंग में तोड़फोड़ करने के साथ-साथ गाली-गलौज की।

## वृंदावन पहुंची IIT की टीम, बांके बिहारी मंदिर में किस बदलाव की हो रही तैयारी?



**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ नियंत्रण और दर्शन व्यवस्था को नया स्वरूप देने की तैयारियां आईआईटी रुड़की की टीम की सर्वे रिपोर्ट पर टिकी हैं। मंदिर की संरचना की मजबूती, फर्श और दीवारों की स्थिति के साथ भीड़ नियंत्रण के लिए संभावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए उच्चाधिकार प्रबंधन समिति ने आइआइटी रुड़की के विशेषज्ञ इंजीनियरों की टीम को आमंत्रित किया था। बुधवार को टीम को सर्वे करना था, लेकिन टीम देर रात वृंदावन पहुंची। टीम अब गुरुवार दोपहर सर्वे करेगी।उच्चाधिकार प्रबंधन समिति ने मंदिर में कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए रेलिंग लगाने के आदेश दिए हैं। लेकिन रेलिंग लगाने से पहले आईआईटी रुड़की की टीम से भवन का अध्ययन होना है।

रेलिंग लगाने योग्य भवन है या नहीं। टीम को बुधवार को सर्वे करना था, लेकिन टीम बुधवार देर रात पहुंच सकी। मंदिर के सेवायत और उच्चाधिकार प्रबंधन समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने बताया कि टीम वृंदावन पहुंच गई है। गुरुवार दोपहर सर्वे करेगी।

## दस घंटे तक चली एनएसजी और एनआईए की पूछताछ, खंदावली में मिली इको स्पोर्ट्स का निकला धौज कनेक्शन

**फरीदाबाद।** खंदावली में मिली आतंकी उमर नबी बट के नाम से रजिस्टर्ड इको स्पोर्ट्स कार को लेकर एनआईए और एनएसजी ने करीब दस घंटे तक दो लोगों से पूछताछ की। इस दौरान दिल्ली पुलिस की टीम भी मौजूद रही।टीम ने कार के सभी पार्ट्स को भी चेक किया। सूत्रों के अनुसार इस गाड़ी को धौज में रहने वाला युवक अपने जीजा के यहां खड़ी करके गया था। जो व्यक्ति गाड़ी खड़ी करके गया था, वो उमर का ड्राइवर है। ड्राइवर की बहन खंदावली गांव में रहती है। पुलिस को जब गाड़ी की जानकारी मिली तो उन्होंने मौके पर आस पास के चार घरों को खाली करवाया। पुलिस को गाड़ी में विस्फोटक होने का अंदेशा था।

## सांबा में BJP MLA का मंथन

### प्रदेश अध्यक्ष सत शर्मा का आदेश सभी विधायक हर घर तक कल्याणकारी शासन पहुंचाने का करें काम



**सांबा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जम्मू-कश्मीर ने सांबा में विधायकों की अपनी मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद और जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष सत शर्मा ने की, उनके साथ विपक्ष के नेता सुनील शर्मा भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।बैठक में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई, जन-केंद्रित विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई और पूरे केंद्र शासित प्रदेश में पार्टी के आधार को और मजबूत करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सत शर्मा ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भाजपा जम्मू-कश्मीर के लोगों की सच्ची आवाज़ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्येक निर्वाचित प्रतिनिधि को मोदी सरकार की नीतियों से समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने के लिए एक मिशन मोड के साथ काम करना चाहिए।उन्होंने कहा कि पार्टी विधायकों को हर घर, हर मतदाता तक अपनी पहुँच सुनिश्चित करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पार्टी का कल्याणकारी शासन मॉडल हर जीवन को छुए।उन्होंने विधानसभा में विधायकों की सक्रिय भूमिका की सराहना की और कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर के आम लोगों से जुड़े मुद्दों पर सदन का ध्यान सफलतापूर्वक आकर्षित किया और विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर विधानसभा में क्षेत्रीय पक्षपात के किसी भी प्रयास को विफल किया। वहीं उन्होंने सभी विधायकों को जम्मू कश्मीर में हर घर तक कल्याणकारी शासन पहुँचाने का भी आह्वान किया। सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले एक दशक में भाजपा जम्मू-कश्मीर में विकास और अखंडता की एक विश्वसनीय शक्ति के रूप में उभरी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा पारदर्शिता, जवाबदेही और तीव्र प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने जरूरतमंदों के कल्याण के लिए भाजपा विधायकों की ओर से उठाए गए सक्रिय कदमों की सराहना की और उनसे जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुँच बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी की छल-कपट की राजनीति को समझ चुके हैं और अब भाजपा के शांति, समृद्धि और सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के साथ एकजुट हो रहे हैं। अशोक कौल ने संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर लोगों के लिए कल्याणकारी उपायों को बढ़ावा देने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच समन्वित प्रयास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी ताकत हमारे अनुशासित ढांचे और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता में निहित है।डॉ. नरिंदर सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि मोदी सरकार ज़मीनी स्तर पर, यहाँ तक कि दूरस्थ क्षेत्रों में भी, विकास के लिए चिंतित है, जो एक जवाबदेह और कार्य-उन्मुख शासन मॉडल पर आधारित है।

### चिराग की पार्टी का पंजाब पर फोकस

## सभी विधानसभा सीटों पर लड़ेगी चुनाव बीजेपी के साथ गठबंधन पर सस्पेंस



कपूरथला, 13 नवंबर [एजेंसी]।

लोक जन शक्ति पार्टी रामलास के मीडिया प्रभारी चौधरी राजेश कुमार गेहरीवाला ने बुधवार को कपूरथला में जिले के गांवों के लोगों की समस्याएं सुनी।इस दौरान उन्होंने कहा कि लोजपा सुप्रीमो और भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान तथा पंजाब अध्यक्ष अमर सिंह मेहमी के निर्देशानुसार, पार्टी पंजाब में विधानसभा की 117 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि लोजपा आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ गठबंधन करके लड़े। जो राजनीतिक दल पंजाब के हितों की बात करेगा और पंजाब फर्स्ट, पंजाबी फर्स्ट के लिए काम करेगा, लोजपा उस पार्टी के साथ गठबंधन कर सकती है।चौधरी गेहरीवाला ने बताया कि पंजाब का व्यापारी वर्ग, दलित समाज और किसान वर्ग लोजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं, ताकि अगली सरकार लोजपा की बन सके। उन्होंने पंजाब सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान का महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अब अपने वादों से मुकर रही है। चौधरी राजेश कुमार गेहरीवाला ने विश्वास व्यक्त किया कि लोजपा अपने दम पर 117 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारकर पंजाब में अपनी सरकार बनाएगी।

## शॉर्ट सर्किट से अतीक के घर में लगी आग, पत्नी की मौत

**गोरखपुर।** मोतीलाल बगिया में स्थित एक मकान में बुधवार की सुबह 4.30 बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे कमरे में मौजूद 32 वर्षीय जोहरा खातून की मृत्यु हो गई। वहीं उसका पति 36 वर्षीय अतीक खान गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना पर पहुंची गोरखनाथ थाना की पुलिस ने उसे बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अतीक के मकान में बुधवार सुबह कमरे में अचानक शार्ट सर्किट हुआ और देखते ही देखते आग की लपटें पूरे कमरे में फैल गईं। कमरे में जोहरा खातून और उनके पति मौजूद थे। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कालेज भेजा। डाक्टरों ने जोहरा खातून को मृत घोषित कर दिया, जबकि अतीक की हालत गंभीर बनी हुई है। एक महीने पहले अतीक खान ने घर में ही पान की दुकान खोली थी।

## बिहार चुनाव में महिलाओं का दबदबा, दोनों चरणों में महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ा




पटना, 13 नवंबर [एजेंसी]।

भारत निर्वाचन आयोग ने बुधवार की देर रात बिहार विधानसभा चुनाव में सभी 38 जिलों के महिला एवं पुरुष मतदाताओं के आंकड़े घोषित कर दिए।आयोग के अनुसार पहले चरण में जहां कुल 65.08 मतदाताओं में 61.56 प्रतिशत पुरुष एवं 69.04 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। वहीं, दूसरे चरण में हुए कुल 69.20 प्रतिशत मतदान में 64.41 प्रतिशत पुरुष तथा 74.56 प्रतिशत महिलाओं की सहभागिता रही। इस प्रकार द्वितीय चरण में 10.15 प्रतिशत महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया। वहीं, प्रथम चरण में पुरुषों की तुलना में 7.48 प्रतिशत अधिक महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था।

## चार निजी टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से राज्य में बढ़ेंगे वस्त्र उद्योग

लखनऊ, 13 नवंबर [एजेंसी]।

उत्तर प्रदेश में चार निजी टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की जाएगी। उन्नाव, कानपुर देहात, शामली व अमरोहा में स्थापित करने वाले इन टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना को लेकर संबंधित कंपनियों के साथ हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग ने समझौता करने की तैयारी शुरू कर दी है। इन पार्कों को 25-25 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जाएगा। इन्हें स्थापित करने वाली कंपनियां ही इनका संचालन करेंगी। हथकरथा एवं वस्त्रोद्योग विभाग राज्य में वस्त्र एवं परिधान उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संत कबीर के



नाम पर दस टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए बंद पड़ी कताई मिलों की भूमि वापस लेकर वहां पर वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित किए जाने की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश से अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम (यूके), यूएई, जर्मनी, नेपाल सहित करीब 14 देशों में रेडीमेड वस्त्रों का निर्यात तेजी के साथ बढ़ा है।

फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश से वस्त्र एवं परिधानों के निर्यात में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और 15,500 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया है। वस्त्र उद्योग की मशीनों के पंजीकरण में भी पिछले वर्ष 14 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। योगी आदित्यनाथ सरकार की कोशिश है कि पारंपरिक वस्त्र उद्योग के साथ राज्य में नए वस्त्र उद्योगों की भी स्थापना की जाए। इसके लिए लखनऊ में एक हजार एकड़ में पीएम मित्र वस्त्र एवं परिधान पार्क की स्थापना की जा रही है। अभी तक इसे विकसित करने के लिए कंपनी का चयन नहीं किया जा सका है। हालांकि चार निजी टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है।

इस बारे में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान का कहना है कि इन पार्कों में बिजली, सड़क, पानी व सीवरेज सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सरकार की तरफ से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही संबंधित कंपनियों को सरकार 50 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देगी। इसके अलावा एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) की स्थापना और संचालन निजी कंपनी करेगी।

## दिल्ली सरकारी स्कूल बनेंगे खेल नर्सरी, सीएम रेखा गुप्ता की बड़ी घोषणा

नईदिल्ली, 13 नवंबर [एजेंसी]।

राजधानी के सरकारी स्कूल अब खेल प्रतिभाओं की नई नर्सरी के रूप में विकसित होंगे। बुधवार को दिल्ली सचिवालय में शिक्षा विभाग के साथ बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार जल्द ही सरकारी स्कूलों में अत्याधुनिक खेल मैदान और ऑडिटोरियम का निर्माण कराएगी। इस योजना का उद्देश्य प्राथमिक स्तर से ही स्कूली बच्चों को उच्च-गुणवत्ता वाला खेल प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली और देश का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और खेल दोनों का संतुलित विकास आवश्यक है। सरकार चाहती है कि हर बच्चा खेलों में भाग ले, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना सीखे। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में एक विस्तृत खाका तैयार कर रही है और समय पर परियोजना को पूरा करने के लिए नियमित रूप से निगरानी करेगी। खेल अकादमियों के साथ साझेदारी से एक मजबूत बुनियादी ढाँचा तैयार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार क्रिकेट, फुटबॉल, ताइक्वांडो, मुक्केबाजी और तैराकी



जैसे खेलों में प्रशिक्षण के लिए विभिन्न खेल अकादमियों और संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगी। इन अकादमियों को सरकारी स्कूलों में खेल सुविधाओं का उपयोग करने की अनुमति और आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बच्चों को बचपन से ही व्यवस्थित खेल प्रशिक्षण मिले ताकि वे आत्मविश्वास से अपने सपनों को साकार कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग के पास वर्तमान में 799 स्कूल भवन हैं।

पर्याप्त जगह वाले स्कूलों में आधुनिक खेल मैदान विकसित किए जाएँगे, जबकि सीमित जगह वाले स्कूलों में बहुउद्देश्यीय सभागार या छोटे खेल मैदान बनाए जाएँगे। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि वहाँ की प्रतिभाओं को भी समान अवसर मिल सकें। सरकार कुछ स्कूलों में स्विमिंग पूल बनाने की संभावना पर भी विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार एथलीटों को सम्मान और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई योजनाएँ लागू कर रही है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं की तरह, राष्ट्रीय और राज्य स्तर के एथलीटों को भी सरकारी नौकरी और वित्तीय सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य न केवल खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, बल्कि खेल संस्कृति का विकास करना भी है ताकि राजधानी के स्कूल भविष्य के ओलंपियन तैयार कर सकें।

## चारा घोटालाः मामले में 107वें गवाह जांचकर्ता की हुई गवाही, कोर्ट में आज फिर सुनवाई




पटना,13 नवंबर [एजेंसी]।

बहुचर्चित चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार की अदालत में बुधवार को सीबीआई के 107 वें गवाह के रूप में मामले के अनुसंधानकर्ता की गवाही आरंभ हुई। सीबीआई ने इस मामले के मुख्य अनुसंधानक डी भट्टाचार्या को अदालत में पेश किया। इनका मुख्य परीक्षण जारी रहा। मामले की अगली सुनवाई 13 नवंबर को होगी।यह मामला भागलपुर के बांका उप जिला कोषागार से पशुपालन विभाग में जाली विपत्रों के आधार पर लगभग 45 लाख रुपये की अवैध निकासी से संबंधित है।मामले में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद सहित कई तत्कालीन मंत्री, विधायक और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आरोपित हैं। सीबीआ ने मामले की प्राथमिकी आर सी 63 ए /96 के रूप में दर्ज किया था।सीबीआई ने 44 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इनमें से कई आरोपितों की मौत हो चुकी है।

# कपड़ों को बैक्टीरिया मुक्त रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



कपड़ों में बैक्टीरिया का विकास होना एक आम समस्या है, खासकर जब उन्हें लंबे समय तक बिना धोए रखा जाता है। यह समस्या न केवल सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है, बल्कि कपड़ों की गुणवत्ता को भी प्रभावित कर सकती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी उपाय बताएंगे, जिनसे आप अपने कपड़ों को बैक्टीरिया मुक्त रख सकते हैं और उनकी उम्र बढ़ा सकते हैं।

सही तरीके से धोएं कपड़े

कपड़ों को सही तरीके से धोना बहुत जरूरी है। गर्म पानी का इस्तेमाल करने से बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि कुछ कपड़े जैसे ऊनी या सिल्क को गर्म पानी में धोना सही नहीं होता। इन कपड़ों को ठंडे पानी और हल्के साबुन से धोएं। इसके अलावा कपड़ों को धोते समय ज्यादा साबुन का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे कपड़ों पर अवशेष रह सकते हैं, जो बैक्टीरिया को बढ़ावा दे सकते हैं।

सुखाने का सही तरीका अपनाएं

कपड़ों को धोने के बाद उन्हें सही तरीके से सुखाना बहुत जरूरी है। गीले कपड़ों को लंबे समय तक बंद जगह पर न रखें क्योंकि इससे नमी और अंधेरा बैक्टीरिया के विकास का कारण बन सकते हैं। बेहतर होगा कि आप अपने कपड़ों को धूप में सुखाएं या फिर हवादार कमरे में रखें। अगर धूप न निकल रही हो तो पंखे के नीचे फैला दें। इससे वे जल्दी सूखेंगे और बैक्टीरिया नहीं पनपेंगे।

अलमारी को रखें साफ-सुथरा

कपड़ों को बैक्टीरिया मुक्त रखने के लिए उनकी अलमारी भी साफ-सुथरी होनी चाहिए। अलमारी में समय-समय पर सफाई करें और उसमें नीम के पत्ते, लौंग या कपूर रखें। ये चीजें न केवल बदबू दूर करती हैं बल्कि बैक्टीरिया को भी खत्म करती हैं। इसके अलावा अलमारी को हर महीने खुला रखें ताकि हवा आ सके और नमी दूर हो सके। कपड़ों को लटकाने की बजाय उन्हें तह करके रखें।

रासायनिक चीजों का इस्तेमाल कम करें

कई लोग कपड़ों को अधिक साफ-सुथरा रखने के लिए कई तरह की रासायनिक चीजों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये न केवल त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं बल्कि कपड़ों पर भी असर डाल सकते हैं। इसलिए इनका इस्तेमाल कम से कम करें और प्राकृतिक तरीके अपनाएं जैसे नींबू का रस या सिरका। इनसे भी कपड़े साफ होते हैं और बैक्टीरिया दूर रहते हैं। इसके अलावा इनसे कपड़ों की गुणवत्ता भी बनी रहती है।

स्टोरेज बैग्स का करें उपयोग

अगर आप लंबे समय तक किसी कपड़े को नहीं पहनने वाले हैं तो उसे स्टोर करने से पहले स्टोरेज बैग्स में रखें। ये बैग्स आपके कपड़ों को धूल-मिट्टी, नमी और बैक्टीरिया से बचाते हैं। इन्हें इस्तेमाल करने से आपके कपड़े ताजे बने रहते हैं और उनकी गुणवत्ता भी बनी रहती है। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने कपड़ों को बैक्टीरिया मुक्त रख सकते हैं और उनकी उम्र बढ़ा सकते हैं।



## एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने बताया सफलता का मंत्र, छोटे हो या बड़े रोल, लगातार करते रहें काम

फिल्म इंडस्ट्री हमेशा बदलती रहती है। पहले कलाकारों के लिए बड़ी फिल्म से शुरुआत करना और भव्य लॉन्चिंग जरूरी माना जाता था, लेकिन अब समय बदल गया है। अभिनेत्री श्रद्धा दास का मानना है कि आज के दौर में कलाकारों को अपने टैलेंट, लगातार मेहनत और खुद से बनाए गए अवसरों पर ध्यान देना चाहिए। यही रास्ता है जो किसी भी कलाकार को इंडस्ट्री में टिकने और नाम कमाने में मदद करता है। श्रद्धा ने कहा कि सफलता पाने का कोई छोटा रास्ता नहीं होता। उन्होंने कहा, मैंने खुद बड़े और छोटे रोल, गाने, दूसरे प्रमुख रोल, सब कुछ करके इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। किसी बड़ी फिल्म के भव्य लॉन्च का इंतजार करना अब पुराने जमाने की सोच है। अगर कोई बाहर से आया है तो उसे लगातार काम करते रहना चाहिए, अच्छे प्रोजेक्ट्स को स्वीकार करना चाहिए, लोगों की नजर में बने रहना चाहिए और अपने काम में सुधार करते रहना चाहिए। यही तरीका है जिससे हर कलाकार अपनी मंजिल तक पहुंच सकता है। अपने प्रोजेक्ट्स चुनते समय वह किन चीजों को ध्यान में रखती है, इस सवाल का जवाब देते हुए श्रद्धा ने कहा, मेरे लिए सबसे पहले डायरेक्टर का अनुभव और क्षमता मायने रखती है। इसके बाद मैं प्रोडक्शन हाउस, साथ काम करने वाले अभिनेता और स्क्रिप्ट पर भी ध्यान देती हूं। इसके अलावा मैं खुद से सवाल करती हूं कि स्क्रिप्ट में मेरी भूमिका कितनी मजबूत है और कहानी में कितना योगदान है।

## शनाया कपूर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आएगा दिविक शर्मा, जानिए अपडेट

फिल्म निर्माता करण जौहर स्टूडेंट ऑफ द ईयर की दो किस्त ला चुके हैं, जिन्हें लोगों का बेशुमार प्यार मिला था। अब वह इस सीरीज की तीसरी किस्त पर काम कर रहे हैं, जो वेब सीरीज के रूप में रिलीज की जाएगी। इस सीरीज की मुख्य अभिनेत्री के तौर पर शनाया कपूर को पहले ही तय किया जा चुका है। ताजा खबर है कि इस सीरीज में दिविक शर्मा की एंट्री हो गई है। आइए जानते हैं उनके बारे में।

आर्यन खान की वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में दिविक को देखा गया था। उन्होंने बॉबी देओल के बेटे सौमिक तलवार का किरदार निभाया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह उभरता सितारा आगामी सीरीज स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आने के लिए तैयार है। दिविक के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने सिनेमा में बड़े बैनर वाली कई फिल्मों में सहायक फिल्ममेकर के तौर पर काम किया है।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 सीरीज की बात करें तो इसमें शनाया को डबल किरदार निभाते हुए देखा जाएगा। ऐसा इस फ्रेंचाइजी में पहली बार देखने को मिलेगा। सीरीज का निर्देशन रीमा माया करेंगीए जिन्हें लघु फिल्म नॉक्टर्नल बर्गर के लिए जाना जाता है। शनाया के काम की बात करें तो उन्हें आंखों की गुस्ताखियां में देखा गया था। यह उनकी डेब्यू फिल्म थी, जिसमें विक्रांत मैसी भी हैं। जल्द ही उन्हें सुपरस्टार मोहनलाल की फिल्म वृषभ में देखा जाएगा।



# सुनने की क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती हैं ये आदतें, इनसे बचें



सुनने की क्षमता हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, लेकिन कुछ आदतें इसे नुकसान पहुंचा सकती हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में अनजाने में की जाने वाली छोटी-छोटी गलतियां हमारे कानों को कमजोर कर सकती हैं। इस लेख में हम ऐसी ही कुछ सामान्य आदतों के बारे में जानेंगे, जो हमारी सुनने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं और इनसे कैसे बचना चाहिए ताकि हमारे कान सुरक्षित रहें।

तेज आवाज में गाने सुनना

तेज आवाज में गाने सुनना एक आम आदत है, खासकर जब हम कानों में लगाने वाले उपकरणों का उपयोग करते हैं। हालांकि, यह आदत आपकी सुनने की क्षमता को काफी नुकसान पहुंचा सकती है। तेज आवाज में गाने सुनने से कान के अंदरूनी हिस्से पर दबाव पड़ता है, जिससे सुनने की क्षमता धीरे-धीरे कम हो सकती है। इसलिए हमेशा मध्यम आवाज में गाने सुनें और उपकरणों का उपयोग करते समय ध्यान रखें कि आवाज बहुत तेज न हो।

शोरगुल वाले माहौल में रहना

शोरगुल वाले माहौल में लंबे समय तक रहने से भी आपकी सुनने की क्षमता पर बुरा असर पड़ सकता है। चाहे वह काम की जगह हो या कोई सार्वजनिक जगह, जहां शोर बहुत होता हो, वहां बार-बार जाने से कानों पर दबाव पड़ता है। इससे कान की नसें कमजोर हो सकती हैं और सुनने में परेशानी हो सकती है। इसलिए जहां तक संभव हो, शोरगुल वाले माहौल से बचें।

कान में कुछ डालना- कान में कुछ डालना एक बहुत बड़ी गलती है, जो कई लोग अनजाने में कर बैठते हैं। इससे न केवल कान के अंदरूनी हिस्से को नुकसान पहुंचता है बल्कि कान में मौजूद प्राकृतिक तेल भी बाहर निकल आता है, जिससे सूजन और संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए कभी भी कान में किसी चीज को डालने की कोशिश न करें और अगर कोई समस्या हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

कानों की सफाई के लिए धातु का उपयोग

कानों की सफाई के लिए धातु का उपयोग करना बहुत खतरनाक हो सकता है। लोग अक्सर कान में जिद्दी मैल निकालने के लिए धातु की चीजें जैसे ईयरबड, माचिस की तीली आदि का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इससे कान के पर्दे को नुकसान पहुंच सकता है और सुनने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए कानों को साफ रखने के लिए हमेशा डॉक्टर की सलाह पर ही सफाई करें और घरेलू उपायों से बचें।

## मस्ती 4 का नया फुट-टैपिंग गाना रसिया बालमा हुआ रिलीज, 21 नवंबर को सिनेमाघरों में मचेगा धमाल

कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती 4 को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। धमाकेदार ट्रेलर और चार्टबस्टर हिट पकड़ पकड़ के बाद, मेकर्स वेवबैंड प्रोडक्शन ने अब फिल्म का एक और हाई-एनर्जी ट्रैक रसिया बालमा जारी कर दिया है। यह गाना फिल्म के जंगली और रंगीन मिजाज को पूरी तरह से कैप्चर करता है। फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में भव्य रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। यूके के शानदार और खूबसूरत लोकेशंस पर बड़े पैमाने पर फिल्माए गए इस गाने की खासियत यह है कि इसमें ओरिजिनल तिकड़ी रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी एक प्रच्छन्न लुक में नजर आ रहे हैं, जो उनकी ट्रेडमार्क कॉमिक केमिस्ट्री में एक हास्यास्पद मोड़ जोड़ता है। उनके साथ तुषार कपूर, रुही सिंह, श्रेया शर्मा, एल्नाज़ नोरौज़ी, शाद रंधावा, और निशांत मलकानी भी शामिल हैं, जो इस गाने को एक शानदार विज़ुअल ट्रीट बनाते हैं। इस पागलपन में नरगिस फाखरी और अरशद वारसी भी कलाकारों की टोली के



साथ मिलकर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार हैं। संजीव-दर्शन द्वारा संगीतबद्ध और दर्शन राठौड़ तथा पायल देव द्वारा गाए गए रसिया बालमा में एक उच्च-ऊर्जा वाली पेप्पी धुन है, जो तुरंत आपको बांध लेती है। संजीव चतुर्वेदी द्वारा लिखे गए गाने के बोल फिल्म के मैडकैप टोन को पूरी तरह से पूरक करते हैं और शुद्ध मनोरंजन का वादा करते हैं। गाने के बारे में बात करते हुए, गायक दर्शन राठौड़ ने साझा किया, रसिया बालमा उन ट्रैक्स में से एक है जिसे सुनते ही आप उठकर नाचना चाहते हैं। हम एक मॉडर्न ग्रूव के साथ उस ओल्ड-स्कूल मस्ती और देसी ऊर्जा को वापस लाना चाहते थे, और इस पर काम करने में बेहद मज़ा आया। फिल्म के लेखक और निर्देशक मिलाप मिलन ज़ावेरी ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, मस्ती 4 मेरे लिए हंसी के नाम एक लव लेटर है। यह दोस्ती, मज़ाक और उन पागलपन भरी चीज़ों के बारे में है जो हम प्यार के लिए करते हैं। रसिया बालमा फिल्म के दिल को कैप्चर करता है— यह रंगीन, अराजक और खुशी से भरा है। हमारे ओजी लड़के वापस आ गए हैं, और इस बार, पागलपन एक बिल्कुल नए स्तर पर है! मिलाप मिलन ज़ावेरी के ट्रेडमार्क हास्य और ओजी तिकड़ी की वापसी के साथ, मस्ती 4 अपनी टैगलाइन लव वीज़ा के साथ फन को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। यह फिल्म प्रतिष्ठित कॉमेडी फ्रेंचाइजी में एक नया, विशाल अध्याय जोड़ती है।

## कीर्ति सुरेश की रिवॉल्वर रीटा की नई रिलीज डेट आउट, अब 28 नवंबर को देगी दस्तक



निर्देशक के. चंद्रू, नवीना सरस्वती सबाथम (2013) के बाद अपनी पहली फिल्म रिवॉल्वर रीटा के साथ वापसी कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज़ की तारीख, जो पहले 27 अगस्त 2025 तय की गई थी, अब 28 नवंबर 2025 कर दी गई है, जैसा कि निर्माताओं ने पुष्टि की। इस नए समय के कारण फिल्म त्योहारों के मौसम में सिनेमाघरों में अच्छी कमाई कर सकती है। इस कॉमेडी-एक्शन ड्रामा में कीर्ति सुरेश मुख्य भूमिका में हैं, जिनका साथ राधिका सरथकुमार, रेडिन किंग्सले, माइम गोपी, सेंद्रायन और अनुभवी स्टंट कोरियोग्राफर सुपर सुब्बारायन दे रहे हैं। तकनीकी टीम में छायाकार दिनेश कृष्णन बी, संपादक प्रवीण केएल और कला निर्देशक विनोद राजकुमार शामिल हैं। पैशन स्टूडियोज और द रूट के तहत सुधन सुंदरम और जगदीश पलानीसामी द्वारा प्रोडक्शन का काम संभाला जा रहा है, जबकि ऐश्वर्या सुरेश क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं। कीर्ति सुरेश की पिछले साल चार फ़िल्में रिलीज़ हुईं- सायरन, रघुथाथा, बेबीजॉन (हिंदी), और कल्कि 2898एडी में बुज्जी की आवाज़। रिवॉल्वर रीटा 2025 में उनकी पहली तमिल रिलीज़ है, इसके अलावा अनीआईवी शशि द्वारा निर्देशित एकमात्र तेलुगु ओटीटी फ़िल्म उप्पूकपुरम्बु भी है, जिसमें सुहास, बाबूमोहन, शत्रु, तल्लूरी रामेश्वरी और सुभलेखा सुधाकर भी हैं। सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के बाद, यह फ़िल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी, जिससे सिनेमाघरों के बाद प्रशंसकों को ओटीटी का विकल्प मिलेगा।

## शब्द सामर्थ्य -226


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 225 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |



## कलम जख्मों पर रखनी पड़ती है, विजय वर्मा और फातिमा की गुस्ताख इश्क का ट्रेलर रिलीज, शायरी ने लगाए चार चांद

फिल्म गुस्ताख इश्क का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा लीड रोल में हैं। वहीं, नसीरुद्दीन शाह भी अहम किरदार अदा कर रहे हैं। यह रोमांटिक फिल्म है। ट्रेलर में विजय वर्मा का शायराना अंदाज नजर आया है। पूरे ट्रेलर में खूबसूरत शायरी सुनने को मिलती हैं, जो फिल्म की थीम से मेल खाती हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। कहानी पुरानी दिल्ली में सेट है। नसीरुद्दीन शाह एक नामी शायर के किरदार में नजर आए हैं। फातिमा सना शेख उनकी बेटी के रोल में हैं। विजय वर्मा शायरी सीखने नसीरुद्दीन के पास आते हैं। उनकी शागिर्दी में शायरी सीखते-सीखते उनकी बेटी के साथ करीबी बढ़ती हैं। उस्ताद की बेटी (फातिमा) से विजय को प्यार होता है और दिल का मामला दोनों तरफ से शुरू हो जाता है। मगर, फिर आता है एक ट्विस्ट। नसीरुद्दीन शाह कहते हैं, यह जो जमीर है न, कांपता जरूर है। कभी गुनाह से पहले और कभी गुनाह के बाद। पूरे ट्रेलर में शायरी सुनने को मिली हैं। फिल्म के गीत गुलजार ने लिखे हैं। मनीष मल्होत्रा अपने प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 के बैनर तले इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म का संगीत काफी दिलचस्प होने वाला है। गाने जहां गुलजार के होंगे तो संगीत विशाल भारद्वाज का होगा। फिल्म के निर्देशन की कमान विभा पुरी ने संभाली है। इस फिल्म का नाम पहले ऊल जलूल इश्क रखा गया था। बाद में नाम बदलकर गुस्ताख इश्क कर दिया गया। यह फिल्म 28 नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर देख दर्शकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने लिखा, बहुत दिनों बाद कोई ट्रेलर देखकर लगा कि अच्छी मूवी आ रही है। कुछ यूजर्स फातिमा और विजय के अभिनय की तारीफ कर रहे हैं।

# शहर में सरकारी काम, अफसर ने देवरमाल पंचायत को बनाया निर्माण एजेंसी

## जनपद में डबल स्टोरी भवन के काम पर 32 लाख खर्च

**कोरबा।** गुड गवर्नेंस की बातें लगातार हो रही है और इस पर लगातार भरोसा किया जा रहा है। इसके ठीक उल्टे कुछ ऐसे भी किस्से हैं जो हर किसी को हैरान करते हैं। आश्चर्य की बात रहेगी पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के स्थानीय जनपद पंचायत में भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है और इसमें कोई और नहीं बल्कि ग्राम पंचायत एजेंसी है। अपने तरह का यह बिल्कुल अलग मामला है जिसने व्यवस्था पर कई प्रकार के सवाल खड़े कर दिए हैं।

कोरबा के कलेक्ट्रेट से महज 250 मीटर की दूरी पर यह निर्माण कार्य जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में चल रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के सरकारी आवास के क्षेत्र में इस कार्य को पिछले नहीनों स्वीकृत किया गया। इसकी लागत 32 लाख रुपए बताई गई है। सरकारी कार्य



में सहजता लाने और व्यवस्था की दृष्टिकोन से इस भवन का निर्माण किया जा रहा है। खबर के अनुसार जिले के एक सिर से यह कार्य संपन्न कराया जाना है। इसका प्रस्ताव कब हुआ था इस बारे में जनपद के अधिकारियों को खुद जानकारी नहीं है।

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि निर्माण कार्य शहरी क्षेत्र में हो रहा है और इसके लिए निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत देवरमाल को बनाया गया है। सामान्य तौर पर निर्माण कार्यों के मामले में इस तरह के क्राइटेरिया नहीं है और ना ही इस प्रकार से काम किया जाता है। ऐसा पहली बार हुआ जब ग्रामीण क्षेत्र की किसी पंचायत को सीधे तौर पर काम करने के लिए शहरी क्षेत्र में अवसर दिया गया। जानकारों का कहना है कि निर्माण के मामले में ऐसी कोई प्रावधान नहीं है और ना ही ऐसी कोई गाइडलाइन सरकार की ओर से जारी की गई है। लेकिन कोरबा जिले में कामकाज को लेकर नियम बहुत ज्यादा मायने नहीं रखते शायद इसीलिए जनपद पंचायत की डबल स्टोरी बिल्डिंग के निर्माण के लिए शायद इस तरीके को अमल में ले लिया गया है।

जानकारी मिली है कि निर्माण कार्य के लिए समय सीमा तय की गई है और इस अवधि में काम पूरा हो सके इसका ध्यान रखने को कहा गया है। यहां बताना आवश्यक होगा कि इससे पहले कई मेको पर जिले के अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करने पर वहां कई प्रकार की कमियों को पाया और इन मामलों में नाराजगी जताने के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए। सबसे बड़ा सवाल यह है शहरी क्षेत्र में ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाने के मामले में क्या अधिकारियों का ध्यान नहीं गया या फिर उन्होंने इस तरफ से आंखें मूंद ली है।

## लाटा महराज की राम कथा पीली कोठी में



**कोरबा।** यहां के दीनदयाल मार्केट स्थित पीली कोठी में स्थानीय नागरिकों के द्वारा श्री राम कथा का साथ आदिवासी आयोजन 21 नवंबर से किया जा रहा है। जाने-माने रामकथा वाचक शंभू शरण लाटा महाराज कथा करेंगे। शंभू शरण महाराज ने जगत गुरु शंकराचार्य शारदा पीठाधीश्वर से दीक्षा प्राप्त की है उन्होंने अब तक 318 राम कथाओं का वाचन किया है राजस्थान के काशी कहे जाने वाले रामगढ़ शेखावाटी के निवासी शंभू शरण की कोरबा में यह अब तक की पहली कथा होगी। आयोजन की व्यवस्था रितेश केडिया, कैलाश नाथ गुप्ता, दीपक अग्रवाल, आशीष बत्रा और महेश अग्रवाल प्रमुख रूप से कर रहे हैं।

## नए कार्मिक प्रबंधक के आने का इंतजार

**कोरबा।** एसईसीएल केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व के कार्मिक प्रबंधक बलराम टंडन का गेवरा स्थानांतरण हो गया है। जबकि केंद्रीय कर्मशाला गेवरा के शैलेंद्र पराशर कोरबा पूर्व में आएंगे। इन दोनों अधिकारियों के इधर-उधर होने से कामकाज पर असर पड़ा है। क्योंकि वेलफेयर कमेटी के सदस्य कालोनी का निरीक्षण नहीं कर पा रहे हैं। कोयला कामगार इन दोनों अधिकारियों के आगमन का इंतजार कर रहे हैं। कोयला कामगारों ने सिविल विभाग में कई आयोजन जमा कर रखा है। इन अधिकारियों के आने के बाद ही कामकाज शुरू होगा। केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व के वेलफेयर कमेटी के सदस्य दिनेश साहू, बाबूलाल चंद्रा, एनके साव का कहना है कि अधिकारी के आते ही तत्काल कालोनी का निरीक्षण किया जाएगा। इसी तरह गेवरा केंद्रीय कर्मशाला में भी जेसीसी सदस्य विकास शुक्ला, बीएल खूंटे, एलपी चंद्रा व मुकुल कर्ष ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर अधिकारी पदभार ग्रहण कर सकते हैं। इसके बाद रूके हुए काम कराए जाएंगे।

## कोसगई मंदिर प्रांगण में फर्शीकरण कराने की मांग

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरीकला के भाठापारा स्थित कोसगई मंदिर में निर्माण कार्य को लेकर पार्षद श्रीमती कांति श्रीवास ने पत्र लिखा है। मंदिर प्रांगण का फर्शीकरण करने की मांग नागरिकों के द्वारा लगातार की जाती रही है। इस मामले को नगर पंचायत के सामने रखा गया है। इसके अलावा सड़क कांक्रीटीकरण का काम भी वार्ड में कराना है। एक-दो स्थानों पर नालियां टूटी हुई है। इन नालियों से निर्माण के लिए भी अलग से पत्र लिखा गया है।

## विधायक राठिया पसरखेत जाएंगे

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया आज पसरखेत में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां पर ग्रामीणों के द्वारा एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कांग्रेस नेता प्रवीण ओगरे ने जानकारी देते हुए बताया कि कल भी विधायक श्री राठिया ने गीतकुंआरी, बरपाली सहित अन्य ग्रामों में जाकर लोगों से मुलाकात की थी और विकास कार्यों पर चर्चा भी हुई थी।

## सैलानियों की आवक से रौनक बढ़ी पिकनिक स्पॉट में

**कोरबा।** ठंड में बढ़ोत्तरी के साथ जिले के पिकनिक स्पॉट गुलजार हो रहे हैं। सैलानियों की आवक बढ़ने के साथ यहां की रौनक में बढ़ोत्तरी हुई है। इन दिनों सबसे ज्यादा भीड़भाड़ हसदेव के किनारे झोराघाट में दर्ज हो रही है। देवपहरी, सतरेंगा और बुका के अलावा कॉफी प्वाइंट, केसला, खेतार, परसाखोला जैसे स्पॉट भी लोगों की पसंद बने हुए हैं। अगर लोग चेतावनी को गंभीरता से लें तो ये स्थान काफी बेहतर मानी जा रही है।



## डीपीओ मिंज ने संभाला कार्यभार

**कोरबा।** आकांक्षी जिला कोरबा में जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ किए गए बसंत मिंज ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बुधवार को जिला कार्यालय कोरबा पहुंचे श्री मिंज का जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह की अगुवाई में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक व कार्यालयीन स्टॉफ ने बुके भेंटकर आत्मीय अभिनंदन किया। तत्पश्चात् उन्होंने बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए।

## आशा महंत का निधन



**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के गुरसिया निवासी श्रीमती आशा महंत का गुरुवार को निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रही थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड बौद्धिक प्रमुख रामेश्वर दास की पत्नी आशा के की सूचना पर विभिन्न समाज के लोग उनके निवास पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया जाएगा।

## डॉक्टर चला रहा था, दो गाड़ियों को ठोका

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत रजगामार रोड नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम के पास एक तेज रफ्तार कार राहगीरों को अपनी चपेट में लेने से बाल बाल बची, उसके बाद इलेक्ट्रिक ऑटो को ठोकर मारते हुए स्विफ्ट डिजायर कार को जा ठोका। इस हादसे के बाद देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। इसकी सूचना 112 को दी गई।

बताया जा रहा है कि कार क्रमांक सीजी 12 बी जी 3303 को एक डॉक्टर चला रहा था। सिविल लाइन थाना अंतर्गत चांवल गोदाम तिराहा चौक के पास दो बाइक सवार को अपनी चपेट में लेते हुए सवारी वाली इलेक्ट्रिक ऑटो से जा टकराया फिर स्विफ्ट डिजायर को ठोकते हुए सड़क किनारे जा घुसा। इस हादसे में इलेक्ट्रिक ऑटो की



चालक को मामूली चोट आई है। चौक पर होटल चला रहे नूतन वर्मा ने बताया कि इस चौक पर अक्सर हादसे होते रहते हैं कई लोगों की जान तक जा चुकी है। ठीक एक माह पहले एक बस की चपेट में आने से बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। तिराहा होने के कारण यह घटना सामने आई थी। इस जगह स्टॉपर होना बहुत जरूरी है नहीं तो और भी लोगों की जान जा सकती है। नाई दुकान के संचालक राकेश श्रीवास ने बताया कि पिछले कई सालों से इसी जगह वह दुकान चला रहे हैं अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल हो गए हैं इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव है और इस चौक पर ब्रेकर होना बेहद जरूरी है।

इस मार्ग पर जिला मेडिकल कॉलेज, आरटीओ ऑफिस तहसील ऑफिस के अलावा, पुलिस लाइन नगर सेवा कार्यालय, और तीन निजी अस्पताल और दो विद्यालय संचालित है जो महज 1 किलोमीटर की दूरी पर ही है ऐसे में इस जगह को यातयात विभाग या फिर नगर निगम को चौक या ब्रेकर बनाया जाना चाहिए। वार्ड के पूर्व पार्षद सकुन्दी यादव ने बताया कि फुलेश्वर यादव रिसदी निवासी युवक की भारी वाहन की चपेट में आने से इस जगह पर मौत हुई थी इस जगह पर ब्रेकर और तिहारी के लिए संबंधित विभाग से मांग की गई थी।

# बालको ने ‘पोषण माह 2025’ के अंतर्गत चलाया पोषण जागरूकता अभियान

**कोरबा।** जिले में स्थापित और संचालित वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने ‘पोषण माह 2025’ के तहत कोरबा जिले में कई सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। यह आयोजन भारत सरकार के ‘पोषण अभियान’ के तहत हर वर्ष संचालित किया जाता है। इस वर्ष बालको ने अपने प्रोजेक्ट आरोग्य और नंद घर कार्यक्रमों के अंतर्गत ‘हर बच्चे के लिए स्वस्थ भविष्य’ थीम पर यह अभियान चलाया।

उक्त अभियान में माताओं को बच्चों के सही खानपान और सेहत से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ दी गईं। टेक होम राशन (टीएचआर) और पॉजिटिव डिविएंस हर्थ (पीडी हर्थ) सत्रों के माध्यम से स्थानीय खाद्य सामग्री से पौष्टिक भोजन बनाने की विधियाँ सिखाई



गईं। गीतों, प्रतियोगिताओं और घर-घर प्रदर्शनों के जरिए यह जानकारी 40 ग्रामो और 33 नंद घरों में 250 से अधिक परिवारों तक पहुँचाई गई।

बाल स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत बालको ने ‘शिशु संजीवनी पैक’ नामक पौष्टिक रेडी-टू-ईट आहार भी लॉन्च किया, जो आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को दिया जाएगा। प्रत्येक 40 ग्राम पैक में लगभग 200 कैलोरी ऊर्जा और प्रोटीन होता है। यह पहल वेदांता के ‘रन फॉर ज़ीरो हंगर’ अभियान के अंतर्गत है और सोशल रिवाइवल ग्रुप ऑफ अर्बन रूरल एंड ट्राइबल (श्रोत) के सहयोग से लागू की जा रही है। इससे बालको समर्थित 262 नंद घरों के माध्यम से लगभग 14,000 बच्चों को लाभ मिलेगा।

प्रारंभिक बाल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बालको ने ‘खिलते फूल मॉड्यूल’ भी शुरू किया, जो 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक मार्गदर्शिका है। अभियान के दौरान चैंपियन मदर, सर्वश्रेष्ठ नंद घर (उपस्थिति के आधार पर), सर्वश्रेष्ठ किचन गार्डन, सर्वश्रेष्ठ पोषण बाड़ी और सक्रियतम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसी श्रेणियों में सम्मान भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हर बच्चे के विकास में अच्छा पोषण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बालको का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य और पोषण के अवसर से वंचित न रहे। प्रोजेक्ट आरोग्य और नंद घर जैसी परियोजना समाज में जागरूकता बढ़ाने, परिवारों को सशक्त बनाने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ठोस कदम हैं। हम चाहते हैं कि हर बच्चा स्वस्थ, शिक्षित और आत्मविश्वासी बनकर आगे बढ़े।

## पचरा में उत्पात मचा रहे 53 हाथी, दहशत में ग्रामीण



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज के पचरा बीट में 53 हाथियों का दल विगत एक सप्ताह से डेरा डाला हुआ है।

हाथियों का दल दिनभर जंगल में विश्राम करने के बाद रात में निकलता है और खेतों में पहुंचकर वहां पककर तैयार धान की फसल को चट कर दे रहा है। हाथियों का उत्पात लगातार जारी रहने से क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं। उन्हें यह डर सता रहा है कि अब तक खेतों में उत्पात मचाने वाला हाथी कहीं बस्ती में न घुस जाए तथा जान-माल को बड़ा नुकसान पहुंचा दे। हाथियों के उत्पात से सबसे ज्यादा पचरा गांव के लोग प्रभावित हैं। जिसके द्वारा वन विभाग से हाथियों से फसल की सुरक्षा की गुहार लगाई जा रही है लेकिन विभाग का अमला तमाम कोशिश करने के बावजूद उन्हें राहत नहीं दे पा रहा है और ग्रामीण नुकसानी सहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को सबसे ज्यादा दुख तब हो रहा है जब हाथी उनकी खेतों में पहुंचकर तैयार फसलों को तहस-नहस कर दे रहे हैं, वो भी ऐसे समय में जब वे काफी मेहनत के बाद इसे तैयार किए हैं और खलिहान लाने की तैयारी में हैं। ग्रामीण अपनी फसल को लेकर कई अरमान भी पाले हैं। कोई इसे बेचकर बाल-बच्चों की शादी के बारे में सोच रहा है तो कोई अन्य जरूरी कामकाज निपटाने की मानसिकता में है। याद रहे बड़ी संख्या में हाथियों ने कटघोरा वनमंडल को अपना बसेरा बना लिया है। यहां के जंगल में हाथियों की मौजूदगी बारहों महीने बनी रहती है। हाथियों का दल कभी डिविजन के ऐतमानगर में डेरा डालता है तो कभी केंदई व पसान रेंज में। बीच-बीच में जटगा के जंगल भी पहुंच जाया करते हैं।

इस बीच कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में सक्रिय 37 हाथियों के दल में से 9 हाथी फिर अलग होकर करतला व धरमजयगढ़ डिविजन के बार्डर पर स्थित धसकामुड़ा जंगल पहुंच गए हैं जबकि 28 हाथी केराकछार क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के दोनों ही दलों ने जिले के रामपुर, सेंद्रीपाली व बांधापाली में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। जिसकी सूचना पीड़ितों द्वारा दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं।

## सड़क सुधार को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा



**कोरबा।** नगरी क्षेत्र की कई सड़कों की हालत खस्ता हाल हो गई है और इस वजह से लोगों को आवागमन करने में मुश्किल हो रही है। कांग्रेस संगठन ने ऐसी ही एक सड़क के पास धरना प्रदर्शन करने के साथ नारेबाजी की।

कांग्रेस ने कोरबा जिले में सड़कों की दुर्दशा को लेकर क्रमिक आंदोलन शुरू किया है। इसके माध्यम से प्रशासन और नगर निगम को होश में लाने की कोशिश की जा रही है। गोपालपुर और गौ माता चौराहा के बाद अब कांग्रेस ने एक दूसरी जगह पर इसी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने अधिकारियों को न्योता दिया कि वह इस प्रकार की सड़कों पर दुपहिया और सामान्य गाड़ियों में चलकर दिखाएं। यह बात अलग है कि डिस्टिक मिनिरल फाऊंडेशन से जिले की ऐसी खराब सड़कों को ठीक करने के लिए कुछ दिन पहले ही 26 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं और कुछ स्थानों पर आंशिक सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है।

## तहसीलदारों से मारपीट के मामले में और आरोपियों की तलाश

**कोरबा।** तहसीलदार अमित केरकेट्टा और अभिजीत राजभानु एवं पटवारी त्रिलोक सोनवानी से मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी के बाद उनके जुलूस कुष्मांडा क्षेत्र में निकाला गया।

थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि इस प्रकरण में हितेश सारथी मास्टरमाइंड के रूप में शामिल है जो फरार चल रहा है। उसके पकड़ने के बाद कई और आरोपियों के चेहरे उजागर हो सकेंगे जो इस घटना में शामिल रहे। आरोपियों की तलाश करने के लिए पुलिस की कई टीम सक्रिय हैं जो आसपास में जानकारी प्राप्त करने में लगी हुई है। मंगलवार की रात्रि पटवारी और तहसीलदार कुष्मांडा क्षेत्र में मौजूद थे तब उनके गाड़ी चालक से विवाद करते हुए बदमाशों ने मारपीट की। इस दौरान दखल देने पर आरोपियों ने इनके साथ भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया जिसमें दोनों तहसीलदार का सिर फूट गया।

## अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 18 से

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 18 नवंबर से शुरू हो रहा है। जिसकी तैयारी प्रबंधन व वेलफेयर कमेटी की सदस्यों द्वारा की जा रही है। पिछले दिनों अधिकारियों व वेलफेयर कमेटी के सदस्यों के मध्य चर्चा भी हुई थी। इसमें खेल को लेकर चर्चा की गई। इस मामले में जेसीसी सदस्य भी सहयोग कर रहे हैं। जेसीसी सदस्य साजी जॉन, एनके सिंह, अमिया मिश्रा ने बताया कि प्रबंधन ने खेल को सफल बनाने के लिए सभी कामगारों से सहयोग भी लिया है।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पावरसिटी में यूनिटी मार्च, हजारों लोग हुए शामिल



**कोरबा।** भारत के प्रथम गृह मंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कोरबा में आज रन फॉर यूनिटी पैदल मार्च निकाला गया। काफी संख्या में विद्यार्थी नागरिक जनप्रतिनिधि और अधिकारी इसमें शामिल हुए। कोसाबाड़ी चौराहा पर पहुंचकर रन फॉर यूनिटी का समापन हुआ।

राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, महापौर संजू देवी राजपूत और अन्य जनप्रतिनिधि भी अतिथि थे। सुबह 8:00 बजे स्मारक से रन फॉर यूनिटी शुभारंभ हुआ। ट्रांसपोर्ट नगर चौक, सीएसईबी चौक, महाराणा प्रताप प्रतिमा, ओपन थिएटर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहा होते हुए पदयात्रा कोसाबादी पहुंची। यहां पर अतिथियों ने रन फॉर यूनिटी और सरदार पटेल के राष्ट्र हित में दिए गए योगदान के बारे में अपनी बात रखी। इस अवसर पर विभिन्न विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com